हरिभूमि

# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि

रोहतक, सोमवार, 15 जनवरी 2024

11 ऑपरेशन आक्रमण : 30 आरोपितों को किया गिरफ्तार



12 सैनी सभा का 90वां स्थापना दिवस व शूर सैनी जयंती समारोह




# बाबरी मस्जिद ढांचा तोड़ने यहां से गए थे 42 कारसेवक, 6 दिन रहकर तय की गई ड्यूटी

## अयोध्या मंदिर बनने से पहले 1992 की घटी घटना में महेंद्रगढ़ के कारसेवकों का रहा अहम रोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

31 साल पहले अयोध्या गए कार सेवकों ने गिरफ्तारियों से बचकर विवादित ढांचे तक पहुंचने के लिए कई तरह के जोखिम उठाए थे। इनमें से उस समय महेंद्रगढ़ जिला से करीब 42 कार सेवकों का ग्रुप अयोध्या पहुंचा था। इस कार सेवकों के ग्रुप का जिला संयोजक रामकुमार लोहिया कोसली व जिला सह संयोजक कांतिलाल सैनी थे। कारसेवकों में पंडित कैलाशचंद शर्मा, विक्रम यादव, गोबिंद भारद्वाज, महेंद्र सिंह गौड़, उमेशपाल नसीबपुर, तुलसी पिपलानी, सुगनचंद सैनी अटेली, राजेंद्र वर्मा पुरानी कचहरी, भगवानदास भगतजी, वैद्य मुरारीलाल अटेली, शीशपाल पचेरवाल, झंडूमल पृथ्वीपुरा, धर्मनारायण शर्मा, सुनील सैनी संघीवाड़ा, मोहन सैनी संघीवाड़ा, देशराज संघीवाड़ा, दयाराम सैनी संघीवाड़ा, हरचंद सैनी, विजय पंच जोगी, ब्रजलाल छाबड़ी, ओमप्रकाश नायन, श्योनारायण आडवाणी, प्रदीप गौड़, राजेंद्र यादव, जीतपाल यादव अटाली, रतीराम जोगी, सीताराम शर्मा मंढाणा व मंगल यादव सहित कुछ लोग ओर शामिल थे।

कारसेवक महेंद्र सिंह गौड़ बताते है कि हम यहां से क्रांतिलाल सैनी की अगुवाई में कारसेवकों का दल 30 नवंबर 1992 को बस से दादरी पहुंचा। दादरी से रेलगाड़ी से दिल्ली पहुंचे। दिल्ली से रेलगाड़ी से लखनऊ पहुंचे। हमसे पहले ही गोबिंद भारद्वाज जोर-शोर से जुटे हुए थे। लखनऊ से अलग-अलग साधानों से हमने अयोध्या कूच किया। वहां पहुंचने



पर सभी कार सेवकों की अलग-अलग ड्यूटी लगाई। दिनभर भजनों का दौर चलता था। हमें तो रात को सोने की जगह श्मशान घाट मिला। वहीं विक्रम यादव, राजेंद्र वर्मा व तुलसी के साथ रात बिताते थे। फिर सुबह सब तय की ड्यूटी के तहत काम में जुट जाते थे। कांति सैनी व कैलाशचंद हरियाणा प्रदेश से आए लोगों की व्यवस्था की देखरेख कर रहे थे। उमेशपाल व विजयपाल की ड्यूटी व्यवस्था बनाने में थी। बजरंग दल को मस्जिद में प्रवेश दिलाने व तार कूदवाने में धर्मनारायण शर्मा का अहम रोल रहा। जब छह दिसंबर 1992 को बाबरी मस्जिद कहे जाने वाले ढांचे को तोड़ा तो अफरा-तफरी का माहौल हो गया। हमें आदेश मिला कि ढांचे को तोड़ दिया गया है, अब सब अपने घर लौट जाओ। जब हम घर लौटे तो परिजनों को विश्वास नहीं था कि हम सुरक्षित वापस आ जाएंगे। आज भी हम कारसेवकों पर अपने किए गए कार्य पर गर्व है। जब हरिभूमि ने आरएसएस से लंबे समय तक जुड़े रहे स्वर्गीय कांतिलाल सैनी के बेटे विशाल सैनी से बातचीत की तो उन्होंने बताया कि जब यह घटना हुई तो शहर में फेरी निकाल नारा दिया गया कि रामलला आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे। उस वक्त छोटी उम्र में शामिल हुए थे।

### जिले से जाएंगे 70 लोग, विश्व हिन्दू परिषद कर रहा तैयारी

विश्व हिन्दू परिषद अयोध्या मंदिर में जाने के लिए लिस्ट तैयार कर रहा है। इनमें वह कारसेवक तो होंगे ही, ओर कौन-कौन होगा, इसको लेकर मंथन चल रहा है। संभावनाएं जताई जा रही है कि आठ फरवरी को यहां से करीब 65 से 70 लोगों का दल अयोध्या के लिए कूच करेगा। वैसे संगठन से जुड़े पूरे हरियाणा से करीब दो हजार लोगों के जाने की बात कही जा रही है।

## कृष्णानंद धाम धनौंदा के प्रधान बने अनिल

**कनीना।** महंत कृष्णानंद धाम धनौंदा में रविवार को सदस्यों की बैठक हुई। जिसमें चर्चा के बाद नई कार्यकारिणी का गठन करते हुए अनिल यादव को प्रधान नियुक्त किया गया। कैलाश गोयल ने बताया कि कर्मबीर सिंह को उपप्रधान, जसवंत सिंह को महासचिव, विजय सिंह को कोषाध्यक्ष, डॉ. फतेहचंद दायमा को उपकोषाध्यक्ष, आनंद सिंगल व मक्खन लाल को सदस्य मनोनीत किया गया। महाराज के ब्रह्मलीन होने के बाद पहली नई कार्यकारिणी का गठन आम सहमति से किया गया है।

## खबर संक्षेप

### बिहाली में 5 दिवसीय मूर्ति स्थापना कार्यक्रम 18 से

**मंडी अटेली।** गांव बिहाली के पहाड़ की तलहटी में नवनिर्मित मंदिर में पांच दिवसीय राम दरबार मूर्ति स्थापना दिवस कार्यक्रम 18 जनवरी से शुरू होगा। रविंद्र कालिया ने बताया 18 जनवरी जप के साथ हवन व प्राण प्रतिष्ठा शुरू होगा। 21 को गांव में कलश यात्रा व रात के सत्संग होगा। 22 को राम दरबार की मूर्ति स्थापना प्राचीन मंदिर बाबा सेवा दास के महंत मंगलदास के कर कमलों द्वारा की जाएगी व दिनभर देशी घी के भण्डारे का आयोजन किया जाएगा। पहाड़ की तलहटी में एक विशाल मंदिर का निर्माण किया गया है, जिसकी 51 फुट ऊंची गुमटी बनाईं गई है। अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा के दिन जहां पूरे देश में दीपावली का माहौल होगा, उसी दिन पहाड़ की तलहटी में नवनिर्मित मंदिर में राम दरबार की मूर्ति स्थापना की जाएगी।

### स्वास्थ जांच शिविर में 41 मरीजों की जांच

**कनीना।** सेवा भारती की ओर से कनीना मंडी स्थित लाला शिवलाल की धर्मशाला में आयोजित 70वें हदयरोग स्वास्थ जांच शिविर में 41 मरीजों ने लाभ उठाया। डॉ. अश्वनी यादव, प्रवीन कुमार, संजय, लीला, मनीषा व राकेश कुमार ने मरीजों की जांच कर दवा वितरित की। डॉ. आरबी यादव की टीम ने नेत्र जांच व मुताबिक दवा दी। सुरेश शर्मा ने बताया कि संस्था की ओर से मार्च 2017 से लगातार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर प्रत्येक माह के दूसरे रविवार को किया जाता है।

### मकर संक्रांति पर किए गए धर्म का विशेष महत्व

**महेंद्रगढ़।** भाजपा नेता व पूर्व मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा ने मकर संक्रांति पर्व पर अपने आवास जयराम सदन पर हवन यज्ञ करके जरूरतमंद लोगों को गर्म कंबल वितरित व गुड़-रेवडी बांटकर मनाया। उन्होंने कहा अपने विधानसभा की रजिस्टर्ड 9 गोशालाओं को गो-सेवा आयोग के चेक वितरित किए। जिनमें गोशाला खुडाना को सात लाख 91 हजार 250, धौलपोश आश्रम को तीन लाख 67 हजार 500, श्री गौशाला को 11 लाख 63 हजार 250, गुदड़िया गोशाला माधोगढ़ को छह लाख 44 हजार 250 शामिल रहे।

## अस्पताल भवन निर्माण में हो रही देरी

# सरिये की कमी ने रोका अस्पताल का निर्माण

100 बेड के नागरिक अस्पताल को अपग्रेड कर बन रहा 200 बेड के लिए नया सात मंजिला भवन, अब तक केवल दूसरी मंजिल तक हुआ काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। जिले में अस्पताल में बनाया जा रहा नया भवन। फोटो : हरिभूमि

नागरिक अस्पताल में बनाया जा रहा 200 बैड के अस्पताल भवन का निर्माण फिर से अधर में लटक गया है। अबकी बार बिल्डिंग निर्माण में लोहे के सरिये की कमी आड़े आ गई है। इस कारण करीब एक माह से अस्पताल के नए भवन का निर्माण रूका हुआ है। बार-बार निर्माण में रूकावट आने से अस्पताल निर्माण में देरी हो रही है।

उल्लेखनीय है कि नारनौल में जिला स्तरीय नागरिक अस्पताल बना हुआ है। यह अस्पताल फिलहाल 100 बैड का है तथा 100 बैड के अस्पताल का भवन भी काफी जीर्ण-सीर्ण हो चुका है। इस पुराने खंडहर भवन का अनेक बार प्लास्टर गिरता रहता है तथा छत भी टपकती रहती है। इसी कारण नारनौल में नए अस्पताल भवन की जरूरत महसूस की जा रही थी, जिसके चलते अस्पताल के लिए प्रदेश सरकार द्वारा 200 बैड का अस्पताल स्वीकृत किया गया था। इसके निर्माण पर लगभग 24.48 करोड़ रुपये खर्च होंगे। यह अस्पताल भवन करीब डेढ़ साल में बनाना तय हुआ था।

इस अस्पताल भवन का शिलान्यास सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव ने किया था और इसका टेंडर जींद की गर्ग एंड गर्ग कंपनी को दिया गया था। हालांकि कंपनी ने टेंडर मिलने उपरांत इसका निर्माण वर्ष 2019 में ही शुरू कर दिया था, लेकिन बीच में कोरोना महामारी आने से इसका निर्माण अधर में लटक गया था। जब कोरोना खत्म हुआ, तब इसका निर्माण फिर से शुरू कर दिया गया था, लेकिन कंपनी एवं पीडब्ल्यूडी विभाग के बीच पेमेंट अदायगी को लेकर नया विवाद उत्पन्न हो गया था, जिसके चलते कंपनी माननीय पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में चली गई थी। बाद में फैसला कंपनी के पक्ष में आया और पीडब्ल्यूडी विभाग को कंपनी को समय-समय पर पेमेंट अदायगी करने का निर्णय हुआ। इस निर्णय के अनुसार पीडब्ल्यूडी विभाग अस्पताल भवन निर्माण के मद्देनजर समय-समय पर पेमेंट की अदायगी करता रहेगा, जिससे ठेका कंपनी को भवन का निर्माण कार्य जारी रखने में कोई आर्थिक तंगी न आने पाए, लेकिन इस निर्णय के बावजूद अब निर्माण कार्य पुनः बंद पड़ा है। करीब एक माह से निर्माण कार्य आगे नहीं बढ़ पा रहा है। इस बार कोरोना या पेमेंट विवाद की बजाए नई समस्या मैटीरियल के रूप में लगने वाले लोहे के सरिये हैं। जितने एमएम के सरिये अस्पताल भवन निर्माण में प्रयोग किए जाने हैं, कंपनी को उतनी मोटाई का सरिया नहीं मिल रहा है, जिससे फिलहाल निर्माण कार्य रूका हुआ है।

### सरिया अगले दो से चार दिन में पहुंचने की उम्मीद

अस्पताल भवन निर्माण में पहले दूसरी तरह की अड़चनें थी, अब कुछ दिनों से लोहे के सरिये की परेशानी बनी है। सरिया कंपनी को पहले बुक कराना होता है, अबकी बार बुकिंग का माल देरी से मिल रहा है, लेकिन अब दो-चार दिन में सरिया पहुंच जाएगा तथा अस्पताल निर्माण फिर से शुरू किया जाएगा। **-शशांक गर्ग, कंपनी मालिक, गर्ग एंड गर्ग ठेका कंपनी।**

### प्रोजेक्ट पर एक नजर

**क्षमता :** फिलहाल 100 बैड का है अस्पताल, अपग्रेड कर 200 बैड का बनाया जाएगा।
**बजट :** 24.48 करोड़ अनुमानित लागत, मौजूदा बिल्डिंग की जगह दूसरी नई बिल्डिंग में।
**संरचना :** बेसमेंट के अलावा 7 मंजिला भवन बनाया जाएगा, लिफ्ट की सुविधा भी होगी।
**समयावधि :** लगभग 2 साल लगेंगे। इसका कुल कवर एरिया 1.61 लाख वर्ग फुट होगा।

### अभी दूसरी मंजिल का ही काम

अस्पताल में जहां सात मंजिला नया भवन बनाया जा रहा है, उसका 2019 से दो वर्ष के पीरियड में निर्माण पूरा हो जाना था, लेकिन अब तक केवल दो ही मंजिल बन पाई हैं। दूसरी मंजिल का काम हाल के दिनों में चल रहा था, अब लोहे के सरिये की कमी आई हुई है।

### सीवर का पानी भी समस्या

जहां नया सात मंजिला अस्पताल भवन बनाया जा रहा है, वहां पर अस्पताल के सीवर की गंदगी भरी हुई है। अस्पताल के सीवर लीकेज के कारण जहां नया भवन निर्माणाधीन है, वहां गंदगी भरी हुई है। इस गंदगी में काम करना इंजीनियरों, मिस्त्रियों एवं मजदूरों के लिए कठिन कार्य हो रहा है।

## पुलिस की गाड़ी को टक्कर मारने व फायरिंग का आरोपी गिरफ्तार

- पुलिस ने पाथेड़ा के पास बनी से बरामद की थी कार

**महेंद्रगढ़।** जान से मारने की नियत से पुलिस की गाड़ी को टक्कर मारने और फायर करने के आरोपी को सीआईए ने गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान खुड़ाना निवासी गोविंद उर्फ भाना के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी को अदालत से रिमांड पर लिया है। ताकि उस घटना में शामिल अन्य आरोपियों का पता लगाया जा सके। इस मामले में पुलिस दो आरोपितों अमन वासी पाथेड़ा और कुलदीप उर्फ राठी वासी रिवासा को पहले गिरफ्तार किया गया था। प्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि आकोदा चौकी की पुलिस टीम गस्त के दौरान आकोदा बस अड्डा मौजूद थी। इस दौरान टीम को सूचना मिली कि ओरा कार व ब्रेजा कार में पांच-सात नौजवान लड़के हथियारों सहित गांव खुड़ाना में घूम रहे हैं, जो किसी भी वारदात को अंजाम दे सकते हैं। सूचना पर टीम तुरंत प्रभाव से गांव खुडाना बस अड्डा पहुंची तो खुडाना गांव की तरफ से एक ओरा कार आती देखकर रोकने का इशारा किया। इसी दौरान जवानों नीचे उतरते ही आरोपी ने कार से टक्कर मारी और कार को खुडाना बनी की तरफ भगा कर ले गए। पुलिस ने गाड़ी का पीछा कर खुड़ाना की बनी से क्षतिगस्त ब्रेजा गाडी को बरामद किया था। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी क्षतिग्रस्त गाड़ी को बणी में छोड़कर पुलिस पर फायरिंग करते हुए फरार हो गए थे। पुलिस टीम के आरोपितों व कार की रातभर तलाश करते रहे हुए गांव पाथेड़ा नहर के पास ओरा कार क्षतिग्रस्त हालत में मिली थी।

# तीन गांवों के तालाबों में पाइप लाइन से भरा जाएगा पानी, केंद्र की अटल भू-जल योजना का मिला साथ

- एमडी-1 पंप हाउस से गांव मांडोला, एमडी-3 पंप हाउस से गांव निंबी तथा एमडी-5 पंप हाउस से गांव दुलोठ अहीर के जोहड़ में पहुंचाया जाएगा नहरी पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की ओर से लगातार गिरते भू-जल स्तर में सुधार के लिए तीन गांवों में पाइप लाईन के माध्यम से गांव के जोहड़ में पानी पहुंचाया जाएगा। विभाग की ओर से गांव मांडोला, निंबी और दूलोठ अहीर में पाइप लाइन बिछाने का कार्य शुरू कर दिया गया है।

अटल भू-जल योजना केंद्र सरकार द्वारा संचालित एक महत्वाकांक्षी योजना है। इसका मुख्य उद्देश्य गिरते भू-जल की समस्या को दूर कर भू-जल स्तर को बढ़ाना है। इस योजना में जिला महेंद्रगढ़ को भी शामिल किया गया था। जिले के घटते भू-जल स्तर को रोकने के लिए सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा द्वारा ग्राम पंचायतों को जागरूक किया जा रहा है। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि योजना के तहत योजनाबद्ध तरीके से काम किया जा रहा हैं।

इसके तहत विभिन्न गांवों के जोहड़ों को नहरों से जोड़ा जा रहा हैं। महेंद्रगढ़ जिले के 186 गांवों में जोहड़ हैं। महेंद्रगढ़ खड़ में 70 जोहड़ है। करीब 75 प्रतिशत गांवों में अटल भू-जल योजना के तहत पानी पहुंचाया जा चुका है। वहीं प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के अधिकारियों को गत वर्ष आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में अधिकारियों को जिले के सभी गांवों के जोहड़ों में नहरी पानी पहुंचाने के निर्देश दिए हैं।

इसके साथ ही अभी तक जिन गांवों में नहरी पानी नहीं पहुंचा है, वहां कार्य में तेजी के लाने के निर्देश दिए हैं। बता दें कि सरकार ने बरसात के मौसम में जवाहर लाल कैनाल नहर के अतिरिक्त पानी से गांव के जोहड़ में पानी पहुंचाने का लक्ष्य रखा हैं। जिले के जोहड़ों को एक साल में दो बार नहरी पानी से भरा जाएगा।

### इन गांवों में पहुंचाया जाएगा नहरी पानी

सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की ओर से गांव कुराहवटा के समीप बने एमडी-1 पंप हाउस से 11.7 किलोमीटर की पाइप लाइन बिछाकर गांव मांडोला के जोहड़ में पानी पहुंचाया जा रहा हैं। जिसमें करीब 5.80 करोड़ रुपये की लागत आएगी। गांव जांजड़ियावास एमडी-3 पंप हाउस से करीब आठ किलोमीटर पाइप लाइन बिछाकर गांव निंबी के जोहड़ में नहरी पानी पहुंचाया जा रहा हैं। जिसमें करीब 4.70 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इसी प्रकार गांव बैरावास के एमडी-5 पंप हाउस से करीब 10 किलोमीटर की पाइप लाइन डालकर गांव दुलोठ अहीर के जोहड़ में पानी पहुंचाया जा रहा हैं, जिसमें करीब 8.15 करोड़ रुपये की लागत आएगी।

### पाइप लाइन डालने का कार्य हुआ शुरू

सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के जेई सुनील कुमार ने बताया कि तीनों गांवों में पाइप लाइन डालने का कार्य शुरू कर दिया गया है। गांव मांडोला में 5.80 करोड़, निंबी में 4.70 करोड़ रुपये तथा गांव द्लोठ अहीर के जोहड़ में पानी पहुंचाने के लिए 8.15 करोड़ रुपये की लागत आएगी।

## एसई ने किया जेएलएन पंप हाउस का दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना



कनीना। नहरी पंप हाउस का निरीक्षण करते मुख्य अभियंता बिजेंद्र नारा।

जवाहर लाला नेहरू कैनाल के नंबर पंप हाउस नम्बर दो का सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता विजेंद्र सिंह नारा ने औचक निरीक्षण किया। उन्होंने पंप हाउस में पानी क्षमता, सफाई, बिजली उपलब्धता तथा कर्मचारियों की उपस्थिति भी देखी। विभागीय कर्मचारियों से नहरी पानी के रोटेशन सिस्टम को समझा व कार्यकारी अभियंता को सिस्टम में और सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए बजट की जरूरत पड़े तो जल्द ही एस्टीमेट बनाकर भिजवाएं। पंप हाउस पर भी किसी कार्य के करवाने की जरूरतों को समय रहते पूरा करें। बरसात एवं फ्लड सीजन से पहले सभी मशीनरी की रिपेयर एवं मेंटिनेस सुनिश्चित की जाए। कार्यकारी अभियंता मैकेनिकल आशुतोष यादव ने बताया कि यहां पंप हाउस पर फ्लड सीजन से पूर्व 150 क्यूसिक के 6 नए पंप मोटर सेट रिप्लेस कर दिए जाएगा, जिसके चलते बरसात एवं फ्लड के समय कोई समस्या नहीं रहेगी।

### संत रामभद्राचार्य की विवादित टिप्पणी से दलित संगठनों में भारी रोष

**नारनौल।** संत रामभद्राचार्य द्वारा श्रीराम कथा के दौरान जाति विशेष पर अभद्र टिप्पणी से सर्व अनुसूचित जाति संघर्ष समिति की अगुवाई में विभिन्न संगठनों ने रोष प्रदर्शन बैठक समिति के प्रधान चंदन सिंह जालवान की अध्यक्षता में रविवार को गुरु रविदास मंदिर में आयोजित की गई। संगठनों ने संगीन मामले में रोष प्रकट करतेरामभद्राचार्य के खिलाफ नारेबाजी की। बिरदी चंद गोठवाल ने बताया कि सोशल मीडिया पर लगातार वायरल हो रहे वीडियो में श्रीराम कथा के दौरान संत रामभद्राचार्य द्वारा कहा जा रहा है कि जो रामजी को नहीं भजता, वह चमार है, नीच है। संत का कार्य समाज को जोड़ना होता है, न कि तोड़ना। प्रधान चंदन सिंह जालवान ने कहा कि ऐसी अशोभनीय व अश्लील टिप्पणी कर संत रामभद्राचार्य द्वारा समाज को खंडित करने के साथ संविधान का भी उल्लंघन किया है। जिससे भारतवर्ष के समस्त दलित समाज में भारी रोष व्याप्त है। इस मौके पर शिवनारायण मोरवाल, लाला राम नाहर, बलबीर सिंह बबेरवाल, अनिल फाण्डन, रामकुमार ढैणवाल, जसवंत भाटी, राजेश चांवरिया, पतराम खिंची, तोताराम, रोहताश बबेरवाल, जयपाल सिंह, प्यारेलाल चवन, बाबूलाल नारनौलिया, फूलचंद नारनौलिया व रामचंद्र ग्रोवर, पूर्व हेडमास्टर धर्मवीर कटारिया, रामचंद्र गोठवाल, शेरसिंह, रमेश चंद व करतार सिंह मौजूद रहे।



## प्रमिला, मंजू, हिमांशु, धोनी व सचिन बने विजेता

- एबीवीपी की सतनाली इकाई ने किया कार्यक्रम का अयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सतनाली मंडी



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की सतनाली ईकाई ने रविवार को खेलो भारत दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संयोजक कॉलेज प्रधान कमल रोहिल्ला ने कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को सम्मानित किया। इस मौके पर राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य गौत्तम शर्मा व तृप्ती सैनी उपस्थित रहे।

उन्होंने बताया कि लड़कियों की 100 मीटर दौड़ में प्रमिला प्रथम, निशा शर्मा द्वितीय और मोनिका तृतीय, 400 मीटर दौड़ में प्रमिला प्रथम, निशा शर्मा द्वितीय और मीनू तृतीय स्थान पर रही। 800 मीटर दौड़ में प्रमिला प्रथम, मीनू द्वितीय और मंजू तृतीय स्थान पर रही। 1500 मीटर दौड़ में मंजू प्रथम, मीनू द्वितीय और मुस्कान तृतीय स्थान पर रही। लड़कों की 400 मीटर दौड़ में हिमांशु प्रथम, प्रिंस द्वितीय और मोहित तृतीय, 800 मीटर दौड़ में धौनी प्रथम, सचिन द्वितीय और विशाल तृतीय स्थान पर रहा।

1500 मीटर दौड़ में सचिन प्रथम, राजेश द्वितीय और धौनी तृतीय स्थान पर रहा। प्रतियोगिता में प्रथम रहने वाले खिलाड़ी को 1100 रुपये व स्मृति चिन्ह, द्वितीय को 700 रुपये व स्मृति चिन्ह तथा तृतीय स्थान पर रहने वाले खिलाड़ी को 500 रुपये एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर आईटीआई ईकाई सदस्य हर्ष, मोहित शेखावत, भरत, रोहन, मंजीत, आकाश सहित विहिप प्रखंड मंत्री प्रवीन, अजय मोनू श्यामपुरा, कंवरपाल शेखावत, बिंटु, मुकेश, बीरसिंह, डा. भागमल खत्री, डा. कपिल इत्यादि उपस्थित रहे।

## महेंद्रगढ़ में आम आदमी पार्टी को लगा बड़ा झटका

# लीगल सैल जिलाध्यक्ष व साथियों ने छोड़ी पार्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। नांगल चौधरी में समर्थकों के साथ मीटिंग करते कुलदीप भरगढ़।

आम आदमी पार्टी के लीगल सैल के जिलाध्यक्ष एडवोकेट कुलदीप सिंह भरगढ़ ने साथियों समेत आप को छोड़ते हुए सभी पदों से त्यागपत्र दे दिया है। शनिवार को नांगल चौधरी में समर्थकों की मीटिंग में उन्होंने पार्टी छोड़ने की घोषणा की। बैठक में नांगल चौधरी विधानसभा के ब्लॉक प्रधान, सर्किल इंचार्ज, विलेज सेक्रेट्री एवं आप कार्यकर्ताओं के साथ विचार-विमर्श हेतु बैठक आयोजित कर आपस में चर्चा की। जिला अध्यक्ष ओबीसी विंग सतीश सोनी, जिला सोशल मीडिया प्रभारी मनोज ढेनवाल, जिला उपाध्यक्ष ओबीसी प्रकोष्ठ शंकर भार्गव, उपाध्यक्ष भूतपूर्व सैनिक विंग मुखराम गुर्जर, जिला उपाध्यक्ष युवा विंग सत्यवीर गुर्जर जैनपुर, ब्लॉक प्रधान बीरेंद्र गुर्जर, सहसचिव एससी विंग रविंद्र कुमार, सर्कल इंचार्ज संजय गुर्जर, सर्कल इंचार्ज संदीप एवं सर्कल इंचार्ज महेश सिराधना ने अपने विचार रखे और चर्चा की तथा माना कि अप्रैल 2022 में कुलदीप सिंह भरगड़ एवं मौजूद साथियों ने पूर्व सांसद डॉ. अशोक तंवर के साथ पार्टी ज्वॉइन की थी तथा पूरी टीम के साथ जिला महेंद्रगढ़ और विशेषकर नांगल चौधरी विधानसभा में ग्राम संपर्क अभियान, बिजली आंदोलन और परिवार जोड़ो अभियान के तहत पार्टी की नीतियों का खूब प्रचार-प्रसार किया था और पार्टी से ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने का काम किया, लेकिन अब उनकी उपेक्षा हो रही है। जिस कारण उनका पार्टी से मोह भंग हो गया है, जिस कारण पार्टी सदस्यता से इस्तीफा दे रहे हैं।

उन्होंने बताया कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की कार्यशैली के कारण जिले के काफी कार्यकर्त्ता और नेता पार्टी छोड़ चुके हैं तो काफी छोड़ने वाले हैं। पार्टी प्रोटोकॉल के चलते बहुत से सामाजिक मुद्दों पर खुलकर वे और उनके साथी न कार्य कर पा रहे थे और न ही स्वेच्छा से अपने कार्यक्रम कर पा रहे थे। नेताओं ने जानबूझकर हमारे संघर्ष को नजर अंदाज किया। इस अवसर पर सुनील गुर्जर एडवोकेट, कार्तिक यादव एडवोकेट, अशोक सिराधना, कमलेश चौहान, मुकेश मुकदम, सुरेंद्र गुर्जर, संदीप तंवर, बिजेंद्र खटाना, महावीर सरपंच, सत्यवीर बेरुंडला एवं गूगन सरपंच एवं काफी अन्य साथी उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

### भूतपूर्व प्रधानमंत्री नंदा का श्रद्धांजलि समारोह आज

कुरुक्षेत्र। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री गुलजारी लाल नंदा की पुण्यतिथि 15 जनवरी 2024 को सदाचार स्थल पर सुबह 10 बजे एक श्रद्घाजंलि समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी गई है। यह जानकारी कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त अखिल पिलानी ने दी है।

### तीसरी मंजिल से गिरी महिला, मौत

**पानीपत।** पानीपत में विवाहिता 23 वर्षीय फौजिया पत्नी महताब अंसारी मूल निवासी गोरखपुर, उत्तर प्रदेश हाल निवासी शिव नगर में घर की करीब तीस फुट उंची तीसरी मंजिल से नीचे गिर गई। इस हादसे में फौजिया की मौत हो गई। पति महताब ने बताया कि फौजिया गली में खेल रहे बच्चे को आवाज लगाने के लिए बालकनी से झुकी, इस दौरान उसके पैर का संतुलन बिगड़ गया और नीचे गिर गई।

### हादसे में घायल वकील की मौत

**पानीपत।** पानीपत बार एसोसिएशन के सीनियर वकील 50 वर्षीय राजेश कुमार निवासी गांव अलुपुर जिला पानीपत की सड़क हादसे में मौत हो गई। राजेश दो जनवरी को बाइक पर सवार होकर जा रहा था, गांव भंडारी के पास रास्ते में अज्ञात वाहन ने राजेश को टक्कर मार दी थी। हादसे में राजेश गंभीर रूप से घायल हो गया था। परिजनों ने राजेश को उपचार के लिए दिल्ली के गंगाराम अस्पताल में भर्ती करवाया था। जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने राजेश की मौत के मामले में अज्ञात वाहन के चालक पर गैर इरादन हत्या के आरोप में केस दर्ज किया है।

### सड़क दुर्घटना में ग्रामीण की जान गई

**इसराना।** पानीपत के गांव मांडी के पास कार ने संजय कुमार निवासी गांव मांडी जिला पानीपत को टक्कर मार दी। हादसे में संजय की मौत हो गई। थाना इसराना पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद संजय का शव उसके परिजनों को सौंप दिया ।

### साइबर क्राइम के विरूद्ध जागरूक किया

पानीपत। राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव मतलौडा में एनएसएस के शिविर के तीसरे दिन मतलौडा पुलिस थाने से ट्रैफिक हवलदार सतबीर सिंह, हवलदार अनिल कुमार कांस्टेबल, प्रवीण व मनोज कुमार ने एनएसएस स्वयंसेवकों को यातायात नियम की पालन करने तथा साइबर क्राइम के विरूद्ध जागरूक किया।

# कैलाश गांव में राष्ट्रीय स्तर के हॉकी स्टेडियम बनकर तैयार, जल्द होगा लोकार्पण : सीएम

## मुख्यमंत्री ने स्टेडियम का किया निरीक्षण, खिलाड़ियों को दी बधाई, कहा-खेलों में प्रदेश व देश का करें नाम रोशन

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल





**करनाल।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल अपने करनाल प्रवास के दौरान रविवार को कैलाश गांव में बने राष्ट्रीय स्तर के हॉकी स्टेडियम का निरीक्षण करते हुए व हॉकी खिलाड़ियों के साथ। फोटो : हरिभूमि

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपने करनाल प्रवास के दौरान रविवार को कैलाश गांव में बने राष्ट्रीय स्तर के हॉकी स्टेडियम का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा जल्द ही इसका लोकार्पण होगा। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर हॉकी खिलाड़ियों को नए स्टेडियम के बनने की शुभकामनाएं एवं बधाई और कहा कि इस स्टेडियम में बेहतरीन तरीके से अभ्यास करके राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेलों में प्रदेश व देश का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार खेलों को बढ़ावा दे रही है। अब गांवों में खिलाड़ियों को आधुनिक खेल सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं ताकि खिलाड़ी अपने गांव में ही बेहतर अभ्यास कर सकें।

- **हरियाणा सरकार खेलों को बढ़ावा दे रही, अब गांवों में खिलाड़ियों को आधुनिक खेल सुविधाएं प्रदान की जा रही : मनोहर लाल**

इस मौके पर उपायुक्त एवं केएससीएल के सीईओ अनीश यादव ने बताया कि शहर में स्मार्ट सिटी मिशन के तहत स्पोर्ट्स इन्फ्रास्ट्रक्चर का तेजी से विकास हो रहा है। इन सुविधाओं से यहां के खिलाड़ियों को अपने शहर में ही प्रतिभा को निखारने के अवसर मिलेंगे। इन्हीं खेल सुविधाओं में से एक कैलाश गांव में राष्ट्रीय स्तर के हॉकी स्टेडियम का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। जल्द ही यह जनता को समर्पित होगा।

उन्होंने बताया कि यह हॉकी स्टेडियम इंटरनेशनल फैडरेशन ऑफ हॉकी के मानकों के अनुसार बनाया गया है। इसके निर्माण पर करीब 18 करोड़ 27 लाख रुपये की राशि खर्च हुई है और यह स्टेडियम साढ़े 6 एकड़ भूमि में बनकर तैयार हुआ है।

खास बात यह है कि एस्ट्रो टर्फ विदेशी तकनीक से निर्मित है। मेन ग्राउंड में 6 स्प्रिंकल लगाए गए हैं। इसके अलावा मैदान में रोशनी के लिए 34 मीटर उंचाई के 4 पोल पर एक-एक हजार वॉट की 72 एलईडी लाइट लगाई गई हैं। स्कोर बोर्ड के लिए बड़ी एलईडी स्क्रीन भी लगाई गई है। स्टेडियम में अलग से 400 केवी का ट्रांसफार्मर लगाया गया है तथा 160 केवी के जनरेटर का भी प्रबंध किया गया है।

उन्होंने बताया कि हॉकी स्टेडियम में दिन-रात किसी भी अवधि में मैच आयोजित किए जा सकेंगे। स्टेडियम में 600 दर्शकों के बैठने का प्रबंध किया गया है जिसमें तीन गैलरी बनाई गई हैं। इसमें एक गैलरी वीआईपी जिसमें 100 लोगों के बैठने की व्यवस्था है।

इसके साथ ही दो अन्य गैलरी सामान्य दर्शकों के लिए बनाई गई है जिसमें प्रत्येक में 250 दर्शक बैठ सकते हैं। प्रत्येक गैलरी के बेस में तीन-तीन कमरे, बाथरूम व शौचालय, महिला एवं पुरूष खिलाड़ियों के लिए अलग-अलग बनाए गए हैं। इन तीन कमरों में से एक कमरा मेडिकल स्टाफ के लिए आरक्षित किया गया है। इसके अलावा एक कॉमन लॉबी भी बनाई गई है।

### ये रहे मौजूद

मौके पर जिलाध्यक्ष योगेन्द्र राणा, मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला, मेयर रेनू बाला गुप्ता, डिप्टी मेयर नवीन कुमार, भाजपा नेता सतीश पोसवाल, उपायुक्त अनीश यादव, पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन, निगम कमिश्नर अभिषेक मीणा, केएससीएल के जीएम रामफल तथा अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### सुल्तानपुर चौक पर सीएम ने लगाई ब्रेक, दुकान पर चाय पी, राहगीरों से खुलकर बात की

**अंबाला।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल के काफिले ने रविवार को अचानक करनाल से चंडीगढ़ जाते हुए अंबाला-चंडीगढ़ मार्ग पर स्थित सुल्तानपुर चौक पर ब्रेक लगा दी। मुख्यमंत्री यहां अचानक से एक चाय की दुकान पर रूके। यहां खड़े लोगों से उनका हाल चाल जाना। अचानक से अपने बीच सीएम की मौजूदगी से लोग बेहद खुश हुए। यहां मुख्यमंत्री ने न केवल आम आदमी की तरह वहां खड़े होकर चाय की चुस्कियां लेते हुए उनसे उनकी समस्याएं जानी बल्कि उन्हें मकर संक्राति पर्व की शुभकामनाएं भी दी। लोगों ने मुख्यमंत्री के सामने अपनी समस्या रखते हुए बताया कि इस रोड़ पर क्रॉसिंग पर पुल न होने से दुर्घटनाएं होती रहती हैं। यहां खड़े युवाओं ने लोगों के बीच बिना किसी सुरक्षा घेरे के सीएम को देखकर उनकी फोटो भी अपने मोबाइल के कैमरे में कैद की। युवाओं का कहना था कि सुरक्षा की दृष्टिगत सीएम का सुरक्षा घेरा काफी मजबूत होता है। वहां तक बिना स्वीकृति के नहीं पहुंच जा सकता है। मगर सीएम मनोहर लाल आम लोगों की तरह लोगों से मिलते रहे। चाय विक्रेता दुकानदार ने कहा कि यह उनके लिए ऐसे क्षण थे जिसे वे जीवन में कभी भूला नहीं पाएंगे।

- **चौक पर हादसे रोकने के लिए लोगों ने ओवरब्रिज बनाने की मांग रखी, जल्द समस्या के समाधान का मिला आश्वासन**



मुख्यमंत्री मनोहर लाल रेलवे स्टेशन के बाहर बेसहारा लोगों का जायजा लेते हुए।

## सीएम की दरियादिली: जरुरतमंदों को सिक्योरिटी की गाड़ी से पहुंचाया रैन बसेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने शनिवार रात्रि अचानक से करनाल रेलवे स्टेशन के बाहर का दौरा किया। यहां ठंड में बैठे बेसहारा लोगों को देख उन्होंने तत्काल इन्हें रैन बसेरा में शिफ्ट करने का निर्देश दिया और इसके लिए अपनी खुद की सिक्योरिटी में लगी गाड़ी के माध्यम से रैन बसेरा तक पहुंचाया।

- **रेलवे स्टेशन के बाहर पहुंचे थे मुख्यमंत्री, रैन बसेरा में शिफ्ट किए गए लोगों के खाने के लिए अपने कोष से दिए ढाई लाख रुपये**

इस दौरान मुख्यमंत्री वहीं मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि उन्हें सूचना मिली थी कि कड़ाके की ठंड में रेलवे स्टेशन के बाहर कुछ लोग खुले में रात बिताते हैं। ऐसे में मैंने स्वयं यहां आकर इसका जायजा लिया। यहां काफी संख्या में लोग बाहर बैठे थे। ऐसे में इन्हें तत्काल रैन बसेरा पहुंचाया गया। वहीं जिला उपायुक्त को निर्देश दिए कि इन लोगों के रहने और खाने पीने की व्यवस्था रैन बसेरा में की जाए। उन्होंने कहा कि आज लोहड़ी का त्योहार है ऐसे में इन्हें मूंगफली व अन्य खाद्य सामग्री देने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन लोगों की खाने की व्यवस्था करने के लिए ढाई लाख रुपये देने की भी घोषणा की है। दिन में ये लोग अपने-अपने काम पर जाएंगे और रात्रि के समय रैन बसेरा में रहेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि मानवता के नाते जरुरतमंद लोगों की मदद करना हमारा फर्ज बनता है, इसके लिए हमें ज्यादा से ज्यादा संख्या में आगे आना चाहिए।

इस दौरान जिला प्रशासन के आला अधिकारी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद इन लोगों को राम नगर के रैन बसेरा में शफ्टि किया गया। इस कार्य में मुख्यमंत्री सिक्योरिटी की गाड़ी लगी रही। इस मौके पर जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा, मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला, मेयर रेनू बाला गुप्ता, सीनियर डिप्टी मेयर राजेश अग्गी, डीसी अनीश यादव, एसपी शशांक कुमार सावन, निगम कमश्निर अभिषेक मीणा, एडीसी डॉ. वैशाली शर्मा आदि मौजूद रहे।

# धर्मनगरी से अयोध्या की ओर संतों का कूच आरंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



अयोध्या की ओर कूच करते श्रद्धालु।

22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले भगवान श्री राम प्रतिष्ठा समारोह को लेकर संतों का अयोध्या जी में जाने का कूच आज धर्मनगरी से आरंभ हो गया। धर्मनगरी कुरुक्षेत्र से आज गुरु ब्रह्मानंद आश्रम की साध्वी मैत्रीनन्द ने अयोध्या जी की ओर प्रस्थान किया। ब्रह्मानंद आश्रम ब्रह्म सरोवर से आज उन्होंने अपनी यात्रा अपने आश्रम के भक्तों व अनुयायियों के सहयोग से सनातन धर्म मंदिर न्यू कॉलोनी में पहुंचकर वहां भगवान श्री राम के दरबार में भगवान श्रीराम को नतमस्तक होकर भगवान श्रीराम का आशीर्वाद लेकर अयोध्या की और कूच किया। विश्व हिंदू परिषद के जिला प्रचार प्रमुख राजेश अरोड़ा ने बताया कि साध्वी मैत्रीनन्द ने अपनी यात्रा आज से आरंभ कर दी है। 21 जनवरी तक वह अयोध्या पहुंच जाएंगी। इस कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के सुरेश जोशी, राकेश मेहता के इलावा विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, सनातन धर्म मंदिर के कई सदस्य व गुरु ब्रह्मानंद आश्रम ब्रह्म सरोवर के कई भक्तजन उपस्थित थे।

### बस में चढ़ते समय व्यक्ति की जेब से पर्स चोरी

**यमुनानगर।** जगाधरी बस स्टैंड पर बस में चढ़ते समय व्यक्ति की जेब से पर्स चोरी हो गया। पर्स में 25 सौ रुपये, यूरोप का आईडी कार्ड, क्रेडिट कार्ड व अन्य दस्तावेज थे। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार पटियाला निवासी सुखविंद्र सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 12 जनवरी को यमुनानगर किसी काम से आया था। दोपहर साढ़े 12 बजे वह जगाधरी बस स्टैंड पर बस में चढ़ने लगा। इस दौरान उसकी जेब से अज्ञात व्यक्ति ने पर्स चोरी कर लिया।

पर्स में ढाई हजार रुपये, यूरोप का आईडी कार्ड, क्रेडिट कार्ड व अन्य दस्तावेज थे। उसने पर्स चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# पानीपत सिविल अस्पताल में बनेगा क्रिटिकल केयर ब्लॉक

## सीसीबी की 50 बेड की होगी क्षमता, 20 करोड़ की लागत आएगी, लैब भी बनेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत जिला सिविल अस्पताल परिसर में प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत तकरीबन 20 करोड़ की लागत से 50 बेड का क्रिटिकल केयर ब्लॉक (सीसीबी) बनाया जाएगा, साथ ही अस्पताल में जिला इंटीग्रेटिडिड पब्लिक हेल्थ लेबोरेटरी भी बनाई जाएगी। वहीं, पीडब्ल्यूडी बीएंडआर की ओर से भूमि की पैमाइश कर रिपोर्ट स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों को भेज दी गई है। क्रिटिकल केयर ब्लाक रनिंग में आने से ट्रामा सेंटर का अभाव नहीं रहेगा, इसके बनने से गंभीर रूप से घायल लोगों व गंभीर रोगों से पीडित रोगियों का उपचार सीसीबी में ही हो सकेगा और ऐसे रोगियों व घायलों को पीजीआई खानपुर या फिर रोहतक रेफर करने के केसों में कमी आएगी। स्मरणीय है कि स्वास्थ्य विभाग ने चालू वित्तीय वर्ष में जिला नागरिक अस्पताल और फील्ड में बढ़ने वाली सुविधाओं पर फोकस करना शुरू कर दिया है। लंबित प्रस्तावों के रिमाइंडर भेजे जा रहे हैं। जर्जर इमारतों की कंडम रिपोर्ट तैयार कराकर, क्रिटिकल केयर ब्लॉक (सीसीबी), लेबोरेट्री, वैक्सीन स्टोर, चिकित्सकों के आवास पर पूरी तरह से फोकस कर रखा है।

### लैब में हो सकेंगे 50 प्रकार के टेस्ट

सिविल सर्जन डा. जयंत आहूजा ने बताया कि नागरिक अस्पताल परिसर में 50 बेड का क्रिटिकल केयर ब्लॉक बनना है। इसके लिए करीब 3500 वर्ग मीटर भूमि चिन्हित की गई है। इसमें कोरोना पाजिटिव, हार्ट-ब्रेन अटैक, फेफड़ों संबंधी रोगी, आग व करंट से झुलसे लोगों को बेहतर इलाज मिलेगा। इसके साथ डिस्ट्रक्टि इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लेबोरेटरी तैयार होगी। लेबोरेटरी में 50 प्रकार के टेस्ट हो सकेंगे। लैब मेडिकल कालेज की तर्ज पर बनेगी।

### जिला वैक्सीन स्टोर बनेगा

एमएस डॉ आहहूजा ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) कार्यालय वाली बिल्डिंग को भी पीडब्ल्यूडी के माध्यम से कंडम घोषित कराया जाएगा। मलबे की नीलामी प्रक्रिया पूरी कराएंगे। यहां जिला वैक्सीन स्टोर बनेगा। अभी तक सिविल अस्पताल में वैक्सीन स्टोर है लेकिन ड्राइंग में वह रसोई का स्थान है।

### अस्पताल में बनेंगे 55 आवास

एमएस डॉ आहूजा ने बताया कि स्टाफ क्वाटर्स जर्जर अवस्था में हैं। चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल स्टाफ, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के लिए फ्लैटनुमा 55 आवास बनाने का प्रस्ताव भेजा गया है। रिमाइंडर भी भेज दिया है। प्रस्ताव को मंजूरी मिलने की उम्मीद है। इसके बाद आवासों के लिए जगह चिन्हित की जाएगी। उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत का दायरा आगामी वर्षों में बहुत विस्तृत होना है। उसी के हिसाब से सरकार को फैसिलिटी भी बढ़ानी होंगी। प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत जिला के सभी पांच ब्लाक में भी क्रिटिकल केयर ब्लाक (सीसीबी) बनेंगे। सीधा अर्थ, चिकित्सा-व्यवस्था की दशा बहुत सुधरने वाली है।

### राम मंदिर पास के नाम पर हो रही ठगी

**अंबाला।** साइबर अपराधी ठगी को अंजाम देने के लिए तरह तरह के तरीके अपना रहे है। 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन होने वाला है। ऐसे में साइबर अपराधी साइबर ठगी का अंजाम देने के लिए राम मंदिर का उद्घाटन का नाम लेकर साइबर ठगी को अंजाम देने की ताक में है। पुलिस द्वारा एक एडवाइजरी जारी की गई है जिसमें उन्होंने लोगों से सावधान रहने की अपील की गई है। साइबर अपराधियों द्वारा राम मंदिर के उद्घाटन के पास के नाम पर एक एप्लीकेशन व्हाट्सएप ग्रुपों और सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों तक पहुंचाई जा रही है जो एक तरह का वायरस है।

### मेरी आत्मा में कांग्रेस बस्ती है, पूरा जीवन कांग्रेस पार्टी के लिए, समर्पित: निर्मल सिंह

**अंबाला।** कड़ाके की सर्दी के बावजूद रविवार को अंबाला छावनी के कांग्रेस भवन में पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष अशोक जैन व पूर्व डिप्टी मेयर सुधीर जायसवाल की अध्यक्षता में निर्मल सिंह व चित्रा सरवारा का कांग्रेस नेताओं द्वारा स्वागत समारोह किया गया। स्वागत समारोह में भारी संख्या में उमड़ी भीड़ के उत्साह और जोश को देखकर गदगद निर्मल सिंह ने कार्यकर्ताओं व नेताओ का धन्यवाद व आभार व्यक्त करते हुए कहा की मेरी आत्मा में कांग्रेस बस्ती है। मेरा पूरा जीवन कांग्रेस पार्टी के लिए समर्पित है। हमारे सभी साथी उल्टी हवाओं के खिलाफ चले, कष्ट भी सहे लेकिन कभी एक दूसरे का साथ नहीं छोड़ा। उन्होंने भाजपा सरकार पर बरसते हुए कहा की आज प्रदेश में 2 लाख सरकारी पद खाली पड़े हैं। पक्की नौकरियों को कौशल निगम के जरिए कच्चे में बदल दिया गया। जिसमें न नौकरी है न पेंशन। यही काम अग्निवीर योजना में हुआ जिसमें 18 साल का नौजवान भर्ती होगा और 4 साल बाद 22 की आयु में बेरोजगार होकर वापस घर लौट आएगा।

### ऑनलाइन लिंक से मिले शिक्षकों को विदेश जाने की अनुमति

**बराड़ा।** हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन (हसला) के राज्य सचिव संदीप खोखर ने कहा कि मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री से प्राध्यापकों के लिए पूर्व में घोषणा किए और जारी किए पत्र के अनुसार इस लिंक को चालू करने उच्चतर शिक्षा विभाग की तरह विभिन्न तरह की सेवाओं जैसे विदेश जाने की अनुमति उच्च शिक्षा के लिए ली जाने वाली अनुमति को भी ऑनलाइन लिंक के द्वारा ही शुरू करने की मांग की है। इसी तरह सभी प्राध्यापकों के साथ-साथ शिक्षक वर्ग के सभी साथियों को चिकित्सा अवकाश देने की मांग की है।

**दिन में मिली राहत** | **बच्चों, बुजुर्गों व महिलाओं ने घरों से बाहर निकल कर लिया धूप का आनंद**

# घने कोहरे ने दोपहर तक छुटाई कंपकंपी, दोपहर बाद सूर्य देव के दर्शन होने से लोग हुए खुश

शहर के पार्कों में बच्चों की खिलखिलाहट गूंजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर





यमुनानगर में सुबह के वक्त छाया हुए घने कोहरे में गुजरते हुए वाहन व धूप खिलने के बाद पार्कों में खेलते हुए बच्चे।

पिछले करीब एक पखवाड़े से जिले में पड़ रहे घने कोहरे, आसमान में छा रहे धुंध के बादल और चल रही शीतलहर से रविवार को लोगों को कुछ राहत मिली है। रविवार को रात भर से लेकर दोपहर तक जिले में सुबह के वक्त घना कोहरा छाया रहा और धूंध के बादल छाए रहे। वहीं, दोपहर डेढ़ बजे के करीब जिले में सूर्यदेव के दर्शन हुए और धूप निकली। जिसके बाद कुछ घंटे तक अच्छी धूप खिली रहने से ट्विन सिटी के पार्कों में पहुंचकर बच्चों ने धूप का खूब आनंद लिया। खासकर शहर के ओपी जिंदल पार्क, मॉडल टाउन के न्यू पार्क, शास्त्री पार्क व नेहरू पार्क आदि में पहुंचकर बच्चों ने धूप का आनंद लिया और खेल का लूत्फ उठाया। लेकिन कुछ घंटे धूप खिलने के बाद भी तापमान में खास बढ़ोतरी दर्ज नहीं की गई।

रविवार सुबह पिछले एक पखवाड़े की तरह जिले में घना कोहरा छाया हुआ था और शीतलहर चल रही थी। घना कोहरा छाए रहने से सड़कों पर वाहनों की रफ्तार पांच किलोमीटर प्रति घंटा से भी कम थी। लोग लाइटें जगाकर वाहनों को धीमी गति से लेकर अपने गंतव्य पर पहुंचने को मजबूर थे। मगर सुबह 10 बजे के करीब घना कोहरा तो छंट गया। मगर आसमान में धुंध के बादल छाए रहे और शीतलहर चलती रही। जिससे मौसम में ठंडक बनी रही।

रविवार दोपहर डेढ़ बजे के करीब सूर्य देव के दर्शन हुई और धुंध के बादल छंट गए। इसके बाद कुछ घंटे तक अच्छी धूप खिली और बच्चे, महिलाएं व बुजुर्गों समेत अन्य लोगों ने घरों से बाहर निकलकर धूप का आनंद लिया। इस दौरान बच्चे पार्कों में लगे झूलों पर झूले और कई बच्चों ने अन्य खेल खेलकर खूब मस्ती की। वहीं बच्चों की माताओं ने इस दौरान पार्क में बैठकर धूप के आनंद के साथ खूब गपशप की। सिटी सेंटर क्षेत्र निवासी रोशनी, मनीषा, कमला व रोजी आदि ने बताया कि पिछले दो सप्ताह से अधिक समय से दिन भर धुंध के बादल छाए रहने व सुबह के वक्त घना कोहरा छाया रहने से मौसम में काफी ठंडक बढ़ गई थी। जिसकी वजह से बच्चे, बुर्जुग, महिलाएं घरों में कैद होकर रह गए थे। वहीं मॉडल टाउन निवासी रविश ने बताया कि धूप निकलने के बाद वह अपनी पत्नी व बच्चों के साथ पार्क में पहुंचे हैं। उनका कहना था कि पार्क में धूप का आनंद लेने पहुंचे लोगों की भीड़ से उन्हें पार्क में घूमना काफी अच्छा लगा है।

### तापमान में नहीं हुई खास बढ़ोतरी

जिले में रविवार को अधिकतम तापमान में दो सेल्सियस की मामूली बढ़ोतरी हुई। जिसकी वजह से जिले का तापमान अधिकतम 16 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 6 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया।

# नगरपालिका कर्मचारी संघ ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। ज्ञापन सौंपते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर मंत्रियों व सांसदों को ज्ञापन देने की कड़ी में नायब सिंह सैनी सांसद कुरुक्षेत्र के नाम ज्ञापन सांसद की गैरमौजूदगी में सांसद महोदय के प्रतिनिधि को सौंपा गया। प्रदर्शन का नेतृत्व सुभाष गुस्सर जिला प्रधान ने किया व संचालन जय प्रकाश राज्य कमेटी मेंबर ने किया। सुभाष गुस्सर ने बताया कि। 15 जनवरी से नगर पालिका कर्मचारी संघ कुरुक्षेत्र ईकाई की तरफ से नगर पालिका कुरुक्षेत्र के कर्मचारियों के बकाया एरियर व एलटीसी को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की जाएगी और एरियर व एलटीसी के भुगतान होने तक जारी रहेगी। प्रदर्शन में मनजीत भुल्लर ब्लाक प्रधान लाडवा, ललीत कुमार, विक्रम सिंह, संजीव कुमार, अमित कुमार,जोनी,राज कुमार, राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

- **मांगों को लेकर 15 जनवरी से हड़ताल शुरू की जाएगी**

### ये है कर्मचारियों की मांगें

मांगें राम तिगरा राज्य महासचिव नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा व ओमप्रकाश जिला प्रधान सर्व कर्मचारी संघ कुरुक्षेत्र ने संयुक्त रूप से बताया कि गुरूग्राम के 3480 कर्मचारियों सहित अन्य छंटनी ग्रस्त कर्मचारियों को पालिका रोल पर लेने व हरियाणा कौशल रोजगार निगम में शामिल करने, सस्पेंशन,ट्रमिनेशन, चार्ज शीट, ज्ञापन पत्र, हड़ताल अवधि का वेतन देने तथा झूठे मुकदमों व अन्य उत्पीड़न की कार्यवाही को रद्द करने,फायर के 1327 व 212 फायरमैनों व ड्राइवरों को सृजित पदों पर समायोजित करने तथा 2063 फायर आपरेटर की भर्ती को रद्द करने, 58 वर्ष की नौकरी की गारंटी देने,फायर कर्मचारियों के वर्दी भत्ते में किये गए भेदभाव को समाप्त कर पुलिस विभाग की तर्ज पर वर्दी भत्ता देने, दैनिक वेतन भोगी,पार्ट -2,पार्ट टाइम, डीसी रेट पर लगे सभी सफाई, सीवर कर्मियों, ग्रुप सी व डी के कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, समझौते को लागू करने,सीवर सेफ्टी टैंकों में हो रही मौतों पर रोक लगाने व मृतकों के आश्रितों को 50 लाख रुपए मुआवजा व पक्की नौकरी देने, पुरानी पेंशन बहाल करने को लेकर मांग पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

## खबर संक्षेप



### घर पर दीपक जलाने का दिया निमंत्रण

**महेंद्रगढ़।** सिनेमा रोड पर नगर पालिका पार्षद अशोक सैनी ने अयोध्या में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा पर 22 जनवरी को अपने-अपने घरों, प्रतिष्ठानों में बड़ी खुशी के साथ दीप जगाकर दीपावली मनाने का निमंत्रण दिया। इसके अलावा उन्होंने अयोध्या धाम से आए पूजित अक्षत, राम मंदिर का चित्र व पत्रक दिए।



### 22 को आश्रम में प्रज्ज्वलित किए जाएंगे 11000 दीपक

**सतनाली मंडी।** कस्बे के बाबा भूचरनाथ सरभंग आश्रम में 22 जनवरी को 11000 दीपक प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। महंत जितेंद्रनाथ महाराज ने बताया कि अयोध्या में भगवान राम की मूर्ति स्थापना के दिन भूचरनाथ सरभंग आश्रम में 11000 दीपक प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्त्रम को लेकर रामभक्तों में खासा उत्साह है और कार्यक्रम की तैयारियां की जा रही हैं। दूसरी ओर कस्बे के जमुवाय माता मंदिर परिसर में भी 22 जनवरी को भजन कार्यक्त्रम आयाजित किया जाएगा।



### घर सजाए व जगमगाने का दिया निमंत्रण

**महेंद्रगढ़।** अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा सनातन धर्म के लिए गौरव का क्षण है। इसको हमें पर्व के रूप में मनाकर अपनी संस्कृति पर गर्व करना चाहिए। घर सजाएं जाने व जगमगाने का निमंत्रण देते ये बातें नपा उपप्रधान मंजू कौशिक ओर उनकी टीम ने कही। मंजू कौशिक ने कहा कि राम समारी आस्था के साथ-साथ हमारे संस्कारों के भी स्त्रोत है। अभियान को जन-जन तक पहुंचाना हम सबका प्रमुख कर्तव्य है।



### सिसोठ में घर-घर जाकर बांटे अयोध्या से आए अक्षत

**महेंद्रगढ़।** माता भूरा भवानी मंदिर सिसोठ में महंत शक्तिनाथ महाराज व मंदिर कमेटी सदस्यों के पास अयोध्या से श्रीराम के निमंत्रण के अक्षत आए है। रविवार को सुबह महंत शक्तिनाथ महाराज के सानिध्य में महिलाओं और पुरुषों ने माता भूरा भवानी मंदिर में पूजा अर्चना की एवं मंदिर परिसर में उपस्थित भक्तजनों को 22 को अपने घरों में दीप जलाने एवं जब भी आपको समय मिले एक बार प्रभु श्रीराम के दर्शन करने के लिए अयोध्या जाने का निमंत्रण दिया।



### गांव गांव पहुंच रहा राम मंदिर का अक्षत निमंत्रण

**नारनौल।** तहसील सहित आसपास के गांवों में अयोध्या से आए अक्षत, राम मंदिर चित्र व कर पत्रक का वितरण कर रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का निमंत्रण दिया जा रहा है। रविवार को गांव ढाणी बाठोठा में पंचायत के नेतृत्व में पंचों ने घर घर पहुंच कर निमंत्रण दिया गया। पंचायत के पंच बिंटेश ने बताया सम्पूर्ण गांव में सभी पंचों और चौकीदार ने मिलकर समस्त ग्रामीणों को अक्षत निमंत्रण दिया गया है।

### सुख-शांति के लिए हवन-यज्ञ आयोजित

**नारनौल।** नर नारायण सेवा समिति के प्रधान बेगराज गोयल की अध्यक्षता में उपचार गोशाला नारनौल में सभी प्राणियों की सुख शांति, समृद्धि व स्वास्थ्य लाभ के लिए हवन किया गया। जिसमें मुख्य यजमान नारायण समिति के प्रधान बेगराज गोयल एवं वरिष्ठ नागरिक संगठन के जिला प्रधान दुलीचंद शर्मा सामूहिक रूप से उपस्थित थे। महासचिव रामसिंह मधुर ने मन्त्र उच्चारण के साथ हवन संपन्न करवाया। मुख्याध्यापिका कृष्णा आर्य ने कर लो सभी से प्यार, कोई नहीं है पराया तुम में राम मुझ में राम गीत गाया। श्याम सुंदर शर्मा एवं शिवलाल वर्मा के नेतृत्व में गऊ पूजन कार्यक्रम किया गया। संरक्षक परमानंद दीवान व प्रधान बेगराज गोयल के नेतृत्व में गो उपचार के लिए दवा भेंट की गई।

# ऑपरेशन आक्रमण : 30 आरोपितों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नारनौल

हरियाणा में अपराध नियंत्रण हेतु ऑपरेशन आक्रमण अभियान चलाया गया। स्पेशल अभियान के तहत जिला महेंद्रगढ़ में पुलिस अधीक्षक नितिश अग्रवाल के कुशल नेतृत्व मार्गदर्शन में 30 आरोपितों को गिरफ्तार करके अपराधियों में हड़कंप मचा दिया। स्पेशल अभियान के तहत जिला पुलिस कप्तान के निर्देश पर सभी अपराध जांच शाखा एवं थाना व चौकी स्तर पर टीमों का गठन किया गया। जिसमें पुलिस जिला के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भिन्नङ्कतभिन्न जगहों पर रेड कर अपराधियों पर कड़ा प्रहार करते हुए अलग-अलग मामलों में उपलब्धियां हासिल की। स्पेशल अभियान के तहत एक सर्च अभियान चलाया। इस अभियान में संबंधित थानों व चौकियों से पुलिस की टीमें भी शामिल रही। इस सर्च अभियान के दौरान जिला पुलिस की 33 टीमों का गठन किया गया, जिनमें करीब 156 पुलिस कर्मी शामिल हुए। सर्च अभियान के दौरान पुलिस ने अवैध शराब का कारोबार, नशीले पदार्थ बेचने वालो और जुआं खेलने वालों पर मुख्यतऱ् कार्रवाई की गई और अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों की पहचान की गई। इसके साथ ही झुग्गी-झोपड़ियों में भी सर्च अभियान चलाया गया और वाहनों के कागजात व पहचान पत्र जांचे गए। सर्च अभियान के दौरान पुलिस ने आबकारी अधिनियम, जिनमें सात मामले आबकारी अधिनियम के तहत दर्ज किए गए, जिनमें आठ आरोपितों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 220 बोतल अवैध शराब बरामद की गई। एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को नशीले पदार्थोर् सहित पकड़ा। सभी मामलों में आरोपितों के खिलाफ आबकारी व एनडीपीएस एक्ट, जुआं अधिनियम एवं आईपीसी की धाराओं के तहत मामला दर्ज करके कार्यवाही अमल में लाई गई।

## यातायात नियमों की उल्लंघना करने वाले 85 वाहनों के चालान किए गए



नारनौल। जांच में जुटी पुलिस।

### तीन पीओ को भी गिरफ्तार किया गया

आक्रमण-सात अभियान के दौरान पुलिस द्वारा तीन पीओ को भी गिरफ्तार किया गया, जिनमें एक हिस्ट्री शीटर शामिल है, जिसके खिलाफ एक दर्जन से ज्यादा मामले दर्ज हैं। इसके साथ ही पुलिस ने यातायात नियमों की पालना करने हेतु अभियान चलाया, इस दौरान गलत लेन और रॉन्ग पार्किंग करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई और 85 वाहन चालकों के चालान काटे गए और उन्हें यातायात नियमों की पालना करने हेतु जागरूक किया गया। इसके साथ ही 283 आईपीसी के तहत दो मामले दर्ज किए गए। रोड पर वाहन खड़ा कर रास्ता बाधित करने पर आईपीसी के धारा 283 के तहत कार्रवाई की जाती है।

## समारोह में हरियाणवी समूह नृत्य में छात्राओं ने प्रस्तुतियां दी

# यदुवंशी शिक्षा निकेतन के स्थापना दिवस पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन

पूर्व गृह एवं उच्च शिक्षा मंत्री राजेंद्र सिंह यादव ने दक्षिण हरियाणा में बढ़ते शिक्षा के प्रचार-प्रसार पर यदुवंशी ग्रुप के चेयरमैन राव बहादुर सिंह को बधाई दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। चरखी दादरी में आयोजित कार्यक्रम में अतिथि का बड़ी माला पहनाकर स्वागत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

यदुवंशी शिक्षा निकेतन के 29वें स्थापना दिवस पर आयोजित भव्य समारोह का आयोजन रविवार को मकर संक्रांति के पार्वन पर्व पर नई अनाज मंडी चरखी दादरी में बडे ही हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में पूर्व राज्यपाल एवं प्रसिद्ध भारतीय राजनीतिज्ञ सत्यपाल सिंह मलिक मुख्यातिथि तथा सूरजगढ़ विधायक श्रवण कुमार व गौरव अग्रवाल ने अध्यक्ष के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के आगे दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह की परंपरानुसार सभी आगंतुकों का टोपी पहनाकर एवं बैज लगाकर स्वागत किया। सर्ववप्रथम सरस्वती वंदना ने कार्यक्रम को गति प्रदान कर स्वागत गीत के माध्यम से उपस्थित अतिथियों व आगंतुकों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में हरियाणवीं नृत्य ने हरियाणी संस्कृति की याद दिलाई। समारोह में हरियाणवी समूह नृत्य में छात्राएं ने अपनी-अपनी अनेक प्रस्तुतियां दी। इसके अलावा हरियाणवीं ग्रुप डांस ने खूब तालियां बटौरी। भक्त संगीत में शिव तांडव, मेरे घर राम आए तथा श्रीराम अयोध्या ने वातावरण को भक्तिमय बनाया। इसके अतिरिक्त रंगीलो म्हारो डोलना, मैं फिल्म चंद्रावल देखूंगी, आरंभ है प्रचंड है तथा रुण झूण समारोह में आकर्षण का केंद्र रहा। पूर्व राज्यपाल एवं प्रसिद्ध भारतीय राजनीतिज्ञ सत्यपाल सिंह मलिक ने सभी को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए बधाई दी।

उन्होंने कहा कि राव बहादुर सिंह का शिक्षा के क्षेत्र में यह पुनीत कार्य लोगों के भविष्य को संवारने का काम करेगा। यदुवंशी शिक्षण संस्थान की पहचान प्रदेश में हीं नहीं अब देशभर में हो चुकी है। उन्होंने राव बहादुर को एक एक समाजसेवी के साथ-साथ एक अच्छा राजनेता भी बताया। उन्होंने बताया कि पूरे देश में सर्वोतम शिक्षा प्रदान करवाने में यदुवंशी ग्रुप की अग्रणीय भूमिका रही है। पूर्व गृह मंत्री एवं उच्च शिक्षा मंत्री राजेंद्र सिंह यादव ने अपने भाषण में दक्षिण हरियाणा में बढ़ते शिक्षा के प्रचार-प्रसार पर यदुवंशी ग्रुप के चेयरमैन राव बहादुर सिंह को बधाई दी तथा कहा कि इस दक्षिण हरियाणा में शिक्षा का दीप लाने का प्रथम श्रेय यदुवंशी ग्रुप को जाता है। इसी दिन यदुवंशी ने 1995 में यह शिक्षा रूपी पौधा लगाया था। तब उस समय महेंद्रगढ़ को पिछड़ा इलाका समझा जाता था और आज यही इलाका शिक्षा के हब के नाम से जाना जाता है। अभिभावक अब दूर-दराज से यहां आकर अपने बच्चों को शिक्षा ग्रहण करवाते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा से ही देश का संपूर्ण विकास संभव है। शिक्षा हमें विभिन्न प्रकार का ज्ञान और कौशल प्रदान करती है तथा मनुष्य के अंदर अच्छे विचारों का निर्माण कर उसके जीवन का मार्ग प्रशस्त करती है।

शिक्षा के उद्देश्य को मद्देनजर रखते हुए ही यदुवंशी ने सर्वप्रथम अपना कदम महेंद्रगढ़ क्षेत्र में रखा और अब पूरे हरियाणा प्रदेश में इसकी शाखाएं हैं। कांग्रेसी नेता एवं यदुवंशी ग्रुप चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने भव्य समारोह पर सभी लोगों के पहुंचने पर उनका आभार जताया तथा कहा कि बच्चों के स्वर्गिम भविष्य के मेरा शिक्षा के प्रतित सकारात्मक प्रयास जारी रहेगा।

इस अवसर पर पूर्व विधायक रघुवीर छिल्लर, नरेश यादव, रविंद्र मटरू, सुरेश यादव, धर्मेश कौशिक, डीन नौरंगलाल, पूनम देवी जिला पार्षद, सतबीर झूकिया, बबीता, भारती, कंवर सिंह चेयरमैन दिल्लू पूर्व जिला पार्षद, थान सिंह, रघुनाथ सिंह, पूर्व सरपंच धर्मेंद्र, रगबीर सिंह, मीरा यादव, सुभाष नम्बरदार, टिल्लू सरपंच, नेहरा, मनीषा, श्याम चेयरमैन व प्राचार्य सुभाष यादव सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।



### रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में निकाली शोभायात्रा

**नारनौल।** हम श्री राम के वंशज हैं। राम हमारे रोम रोम में बसते हैं। राम भारत की सबसे बड़ी ताकत हैं। इसलिए हमें आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में भव्य राम मंदिर में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर जश्न मनाना चाहिए। अपने घरों, गांवों, धर्मशालाओं, पाकोर् और मंदिरों में दीपोत्सव कर भजन कीर्तन करने चाहिए। उक्त उद्गार प्रजा भलाई संगठन के सुप्रीमो बसपा नेता अतरलाल ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में अटेली से बुचावास गौशाला तक निकाली गई। भगवा शोभायात्रा में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। अतरलाल के नेतृत्व में प्रजा भलाई संगठन के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भगवा यात्रा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। यात्रा का समापन महंत लक्ष्मणगिरी गौशाला बूचावास में हुआ, जहां महंत विट्ठल गिरी की अगुवाई में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भगवा यात्रा का बूचावास पहुंचने पर भव्य स्वागत किया।

## आरपीएस के विद्यार्थियों ने एनएसई परीक्षा में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नारनौल

इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजिक्स टीचर्स द्वारा आयोजित नेशनल स्टैंडर्ड एग्जामिनेशन एग्जाम में आरपीएस स्कूल नारनौल के 9 विद्यार्थियों ने निर्धारित से अधिक अंक लेकर विशिष्ट उपलब्धि हासिल की है। इस उपलब्धि पर विद्यालय प्राचार्य बाबूलाल यादव, डीन जेपी यादव, उप प्राचार्य सुनील कुमार, कोचिंग हैड निश्चिल खन्ना, विंग हैड रविंद्र पहल, कोर्डिनेटर राजेश्वरी व मीनाक्षी सहित अन्य स्टाफ सदस्यों ने विद्यार्थियों को बधाई दी। प्राचार्य बाबूलाल यादव ने बताया कि उक्त परीक्षा गत 26 नवंबर को हुई थी, जिसमें देशभर के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस परीक्षा का परिणाम शनिवार को घोषित किया गया, जिसमें आरपीएस स्कूल नारनौल के विद्यार्थी भव्या गुणवाल, अनूप, युक्ति, अमन, जाह्नवी, अक्ष व दुर्गेश ने निर्धारित से अधिक अंक लेकर उपलब्धि प्राप्त की। वहीं छात्रा भव्या गुणवाल ने अगले चरण की परीक्षा के लिए क्वालीफाई किया। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए आगे भी इसी प्रकार विद्यालय का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य ने बताया कि छात्रा भव्या गुणवाल ने इससे पूर्व अंतराष्ट्रीय जूनियर साइंस ओलंपियाड में पूरे भारत में 36वां स्थान प्राप्त किया था।



भव्या।

### निवाजनगर में बांटा अयोध्या का निमंत्रण

**नारनौल।** भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण के अवसर पर 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा प्रोग्राम के लिए अयोध्या से आए हुए निमंत्रण कार्ड एवं पीले चावल रामभक्तों ने रविवार को गांव निवाजनगर में बांटे। श्रद्धालु रामभक्तों ने बताया कि राम भक्तों द्वारा निमंत्रण के तौर पर पीले चावल प्रत्येक घर में बांटे गए हैं। आने वाली 22 जनवरी को श्री दुर्गा मंदिर में श्रीराम मंदिर मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के दिन होने वाली निशान यात्रा, हवन एवं सुंदरकांड पाठ के लिए भी सभी भक्तों को निमंत्रण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वह खुद को बहुत सौभाग्यशाली मानते हैं कि उन्हें यह अवसर प्राप्त हुआ। मौके पर नवीन शर्माद्व, प्रवीण सेन, किशनलाल जोशी, मास्टर विरेंद्र शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा मौजूद रहे।

## रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। मंडी अटेली

अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में रविवार को राधा कृष्ण मंदिर अटेली से बुचावास गोशाला तक विशाल शोभायात्रा निकाली गई। विभिन्न हिंदू संगठनों द्वारा संयुक्त यात्रा को भाजपा जिला उपाध्यक्ष यतेंद्र राव व अन्य गणमान्य विभूतियों ने भगवा ध्वज दिखाकर रवाना किया। जय श्रीराम के उद्घोष के साथ अटेली, रातां, भोजावास व कनीना होते हुए यात्रा का समापन महाराज विट्ठलगिरी बूचावास गोशाला पर भंडारे के साथ हुआ। इस अवसर पर सुरेश कुमार, श्रद्धानंद यादव, धनुष पंडित, सचिन भोजावास, मनजीत यादव, नागेंद्र वशिष्ठ, पंकज हिंदू, रामवतार जोगी, मोनू, पंकज, रामलीला कमेटी भोजावास, ठा. अतरलाल, कृष्ण नावदी, प्रतीक वशिष्ठ, अशोक यादव व हजारों की संख्या में सैकड़ों वाहनों के साथ रामभक्त सम्मिलित हुए। जगह-जगह लोगों ने पुष्पवर्षा व जय श्रीराम के नारे से यात्रा का स्वागत किया।



# अपने घर के सामने पांच दीपक अवश्य जलाएं: रमेश

- बदरवाल सिटी से मोटर साइकिल भगवा यात्रा निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶। महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। भगवा यात्रा निकालते हुए। फोटो : हरिभूमि

राम भक्तों ने रविवार को बदरवाल सिटी से मोटर साइकिल भगवा यात्रा निकाली। यह यात्रा भगवान श्रीराम की जय जयकारों के साथ सतनाली चौक, राव तुलाराम चौक, बस स्टैंड, बालाजी चौक, सब्जी मंडी, भगवान परशुराम चौक व सैनीपुरा के बालाजी मंदिर में संपन्न हुई। मिशन महेंद्रगढ़ अपना जल टीम सदस्य राजेश शर्मा झाड़ली व नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सैनी ने बताया कि अयोध्या में भूतपूर्व आनंद का वातावरण होगा, 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के दिन 11 से एक बजे के मध्य अपने गांव, मोहल्ले, कॉलोनी में स्थित किसी मंदिर पर राम भक्तों को एकत्रित करके भजन कीर्तन अवश्य करें। टेलीविजन अथवा कोई एलईडी स्क्रीन लगाकर अयोध्या का प्राण प्रतिष्ठा समारोह समाज को दिखाएं। इसके साथ हनुमान चालीसा, सुंदरकांड, राम रक्षा स्तोत्र आदि का सामूहिक पाठ भी अवश्य करें। सभी देवी-देवता प्रसन्न होंगे, वातावरण सर्वत्र सात्विक एवं राममय हो जाएगा। प्राण प्रतिष्ठा समारोह दूरदर्शन द्वारा सीधे प्रसारित किया जाएगा तथा अनेक चैनलों के माध्यम से भी प्रसारण किया जाएगा। नपा प्रधान रमेश सैनी ने कहा कि इस दौरान सभी अपने घरों में पांच दीये अवश्य जलाएं। इस अवसर पर दयाशंकर तिवाड़ी, महावीर, अशोक पंडित, नीटू पंडित, प्राचार्य युधिष्ठिर यादव, प्रवक्ता दिनेश शर्मा, हरीश रोहिल्ला, निखिल शर्मा, रोशनलाल सैनी, सिद्धार्थ रोहिल्ला, उपेंद्र पायगा, शीशपाल, शिवाकांत शर्मा, अजय शर्मा, महेश शर्मा, पंकज शर्मा, अंकित यादव, यश खैरवाल, अंश, प्रथम सोनी, दीपू व हर्ष सोनी आदि उपस्थित रहे।



### 22 जनवरी को प्रत्येक व्यक्ति अपने घरों पर 21 दीपक अवश्य जलाएं : स्वामी विट्ठल गिरी

**कनीना।** 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में पूरे संसार के सनातनी लोगों में खुशी के लहर चल रही है। यह बात महंत लक्ष्मण गिरि गौशाला के संचालक स्वामी विट्ठल गिरी महाराज ने मकर संक्रांति के पावन पर्व पर अटेली से चलकर महंत लक्ष्मण गिरि गौशाला बुचावास में पहुंची भव्य शोभा यात्रा के समापन अवसर पर राम भक्तों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि लोग इस दिन को अपने अंतरात्मा की आवाज से दिवाली के रूप में भव्यता से मनाए और अपने घरों में 21 अवश्य जलाएं। इस मौके पर पूर्व शिक्षा मंत्री प्रोफेसर रामविलास शर्मा, विधानसभा की पूर्व उपाध्यक्ष संतोष यादव, ठाकुर अतरलाल, यतेंद्र राव, अमरजीत, ठाकुर दलीप सिंह, रवि छाबड़ा, सुरेश शर्मा, सतवीर जांगड़ा, पवन देव, दीपक चौधरी, बुद्धि प्रकाश, कुलदीप सरपंच, सचिन शर्मा, मयंक तंवर, उमेद सोनी, दीपक, पंकज, पवन खैरवाल, सुनील नंबरदार, मुकेश यादव, राज सुरेश, अजय करीरा आदि बड़ी संख्या में गणमान्य धन उपस्थित थे।

## 22 जनवरी को हर मंदिर व हर घर दीप जलाकर खुशियां मनाएंगे: इंजी. मनीष

# पीएम मोदी के आह्वान पर कनीना के मंदिरों में चला सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कनीना

कस्बे के बाबा मोलड़नाथ मंदिर और श्याम जी मंदिर प्रांगण में रविवार को क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने युवा भाजपा नेता एवं आरपीएस ग्रुप के सीईओ इंजीनियर मनीष राव के नेतृत्व में देश के प्रधानमंत्री के आह्वान पर सफाई अभियान चलाया। युवा नेता मनीष राव व उनकी टीम के सराहनीय कार्य को लेकर श्री श्याम मंदिर कमेटी ने स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। युवा भाजपा नेता मनीष राव ने कहा कि भगवान श्री राम का अयोध्या में ही नहीं बल्कि पूरे देश से लेकर विदेशों के हिंदू मंदिरों में आगमन होने वाला है। राम लला के स्वागत के लिए सभी लोग तैयारी में जुटे हुए हैं। 22 जनवरी तक किसी प्रकार की कोई कमी न रहे, इसलिए अभी से पूजा-पाठ की व्यवस्था में लगे हैं। युवा नेता मनीष राव ने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या मंदिर में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन होगा। पूरे देशभर में निमंत्रण देने का कार्य चल रहा है। दो घंटे तक चले अभियान से जुड़े सैकड़ों लोग युवा भाजपा नेता मनीष राव के नेतृत्व में क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने कनीना कस्बे में स्वच्छता अभियान चलाया। इस अभियान के तहत कनीना के मोलड़नाथ मंदिर व श्याम जी मंदिर प्रांगण व आसपास के क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को भगवान श्री राम के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर हम सभी को अपने-अपने घरों के साथ-साथ आसपास के मंदिरों में भी स्वच्छता अभियान चलाकर पूरी तरह से सफाई कर, इस उत्सव को हर्षोल्लास के साथ मनाएं। इस मौके श्री श्याम मंदिर कमेटी प्रधान संदीप राठी, सदस्य योगेश गुप्ता, सूबेदार दुलीचंद यादव, नवीन सिंगला, पालाराम यादव, महेश गुप्ता, बाबा मोलड़नाथ मंदिर कमेटी प्रधान दिनेश यादव, संत रामनिवास, अनिल कुमार, सुरेंद्र यादव, रमेश कुमार, कंवर सिंह, राजेश यादव, गोविंद शर्मा, याजवेंद्र यादव, प्रमोद शर्मा, पवन यादव, देवेंद्र यादव, विजय सिंह, राजकुमार, नितिन गुप्ता, अमित यादव सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



कनीना। मनीष राव को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### खेड़ी स्कूल में छात्राओं को दिया स्किल प्रशिक्षण

**कनीना।** रावमावि खेड़ी तलवाना में कक्षा 9वीं से 12वीं तक की छात्राओं के लिए शुरू किया गया 5 दिवसीय एलएसएफसी, लाईफ स्किल एंड फन कैंप का रविवार को समापन हो गया, जिसमें 60 छात्राओं ने हिस्सा लिया। इन दिनों में छात्राओं को रिसोर्स पर्सन ने प्रशिक्षित किया गया। प्राचार्य दीपक कुमार लाटा ने शिविर में गृह प्रबंधन इत्यादि की जानकारी दी।

### पंजाबी सभा ने धर्मशाला में मनाया लोहड़ी पर्व

**महेंद्रगढ़।** पंजाबी सभा की ओर से मौहल्ला जवाहरनगर में स्थित पंजाबी धर्मशाला में लोहड़ी पर्व धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम के दौरान अग्नि के चारों तरफ चक्कर लगाकर उसमें रेवड़ी, मूंगफली, गजक इत्यादि शुष्क मेवा पकवान का भोग लगाकर सुंदरी-मुंदरी और लोहड़ी के गीत गाए गए तथा श्रीराम प्रचार मंडल द्वारा पंजाबी धर्मशाला में सुंदरकांड पाठ का किया।

### छितरौली मेले में अहरी ने जीती कबड्डी प्रतियोगिता

**कनीना।** बाबा धुणीगर की 75वीं वर्षगांठ पर गांव छितरौली में मेले व भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान खेल प्रतियोगिता भी करवाई गई, जिसमें दूर-दराज से आए खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। सूबेदार सुखबीर सिंह ने बताया कि 19 आयुवर्ग की हरियाणा स्टाइल कबड्डी प्रतियोगिता में अहरी की टीम ने प्रथम तथा छितरौली की टीम ने द्वितीय स्थान पाया।

### गुवानी के बाबा गैबीराम मंदिर में भंडारा आयोजित

**नारनौल।** गांव गुवानी के बाबा गैबीराम मंदिर परिसर में नवयुवक मण्डल ने मकर संक्रांति के पावन पर्व पर भण्डारे का आयोजन किया। इस भण्डारे में परंपरागत कढ़ी बाजरा, सब्जी और चावल का प्रसाद बनाया गया, जो गांव के देवता बाबा गैबीराम के मेले में हर वर्ष बनाया जाता है। पूरी रात सभी श्रद्धालु युवाओं ने यह प्रसाद स्वयं ही तैयार किया।

### कोटिया में मकर संक्रति पर बुर्जेशर बाबा का मेला

**कनीना।** मकर सक्रांति के पर्व पर रविवार को कनीना खंड के गांव कोटिया स्थित बाबा बुर्जेश्वर धाम पर समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह की मुख्यातिथि पूर्व विस उपाध्यक्ष संतोष यादव थी। उन्होंने कहा कि मेले हमारी सांस्कृतिक विरासत के द्योतक हैं। ग्रामीणों में भाईचारे की भावना बढती है वहीं कार्य करने उनकी क्षमता का भी विकास होता है। मेले में पंहुची संतोष यादव को ग्रामीणों ने गर्मजोशी से पगडी पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान गायक पाबड़ा ने भजन प्रस्तुत किए।

### रेजांगला पार्क के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**रेवाड़ी।** रेजांगला पार्क के गेट के पास खड़ी एक बाइक चोरी हो गई। पुलिस शिकायत में छुरियावास निवासी योगेश यादव ने बताया कि वह पार्क में सुबह के समय टहलने के लिए आता है। बाइक को गेट के पास खड़ी करने के बाद वह पार्क में चला गया। वापस आने पर उसे बाइक गायब मिली। काफी तलाश करने के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चला। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

---

कार्यक्रम में प्रतिभाओं को किया गया सम्मानित

# सैनी सभा का 90वां स्थापना दिवस व शूर सैनी जयंती समारोह आयोजित





नारनौल। समारोह में मौजूद अतिथिगण व महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

कार्यक्रम में वक्ताओं ने समाज सुधार के लिए आगे आने व सरकार में समाज की हिस्सेदारी के लिए एकजुटता दिखाने पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

सैनी सभा की ओर से रविवार को सैनी सभा का 90वां स्थापना दिवस एवं महाराजा शूर सैनी जयंती समारोह रेवाड़ी रोड स्थित सैनी स्कूल परिसर में मनाया गया। इसमें समाजसेवी सुनील परिहार बतौर मुख्यातिथि रहे। अध्यक्षता नगर परिषद की चेयरपर्सन कमलेश सैनी ने की। पार्षद राजेंद्र सैनी ने सभी आगंतुकों के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम में समाजसेवी त्रिलोक सैनी ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर विशेष रूप से आमन्त्रित अतिविशिष्ट रादौर विधायक बिशनलाल सैनी ने अपने वक्तव्य के माध्यम से समाज सुधार तथा सामाजिक तौर पर दान देने के लिए प्रेरित किया। समाज को बुलंदियों पर ले जाने के लिए सरकार में स्पेशल सैनी समुदाय के लिए भागीदारी होनी चाहिए। उन्होंने सैनी सभा द्वारा किए प्रयासों की सराहना करते हुए अपने राजनीतिक जीवन को समाज के मध्य सांझा किया।

इस अवसर पर नगर परिषद की पूर्व चेयरपर्सन भारती सैनी, भाजपा आईटी सेल सह संयोजक अरविंद सैनी, यूपी के नुरपुर से विधायक रामावतार सैनी, भाजपा प्रवक्ता कर्मवीर सैनी जींद, पालाराम सैनी कैथल, पंजाब के नवा शहर जिला योजना बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष सतवीर सैनी, ओबीसी प्रदेश अध्यक्ष रमेश सैनी, परमेश्वर लाल सैनी, सहारनपुर से पूर्व विधायक नरेश सैनी, पूर्व पार्षद चरण सिंह सैनी, छोटेलाल सैनी गंगापुर सिटी, पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र गहलोत जोधपुर, बदीकुई विधायक भागचंद, परमेश्वर लाल सैनी, कर्मवीर सैनी, राजेंद्र, पूर्व प्रत्याशी सुमन सैनी बीएसपी कोटा, महेंद्र सैनी अजीतगढ़, उद्योगपति महेंद्र सैनी भिवाड़ी सहित समाज के बाहर से आए हुए गणमान्य बुजुर्ग व युवा साथी मौजूद रहे। कार्यक्रम का आरम्भ विद्यालय की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गान के माध्यम से किया। सुखानंद फाउंडेशन की तरफ से बच्चों को छात्रवृत्ति दी।

**नृत्य व लोक गीतों पर बांधा समां**

आयोजन में सांस्कृतिक कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण रहे। विकास हरयाणवी ग्रुप ने अपने नृत्य और लोकगीतों की धुनों पर सबको झूमने पर मजबूर कर दिया। इसके उपरांत आए हुए सभी अतिथियों का सम्मान किया गया। मंच संचालन केसरी नंदन सैनी ने किया। अंत मे सैनी सभा प्रधान बिशन सैनी ने आए हुए सभी अतिथियों, सैनी बंधुओं, कार्यकारिणी सदस्य, कॉलिजियम सदस्य, विद्यालय स्टाफ का कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया।

---



नांगल चौधरी। प्रवीण चौधरी के आवास पर प्रेसवार्ता करते सत्यपाल मलिक।

# गठबंधन ताकत से लड़ा तो चुनाव हारेगी भाजपा

- पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक बोले, हिंदुत्व को खतरा को बताकर लोकतंत्र की हत्या का प्रयास कर रही सरकार, लोगों से जागरूक होकर संघर्ष का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नांगल चौधरी

पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने नांगल चौधरी में कांग्रेसी नेता प्रवीण चौधरी के आवास पर प्रेसवार्ता की। जिसमें उन्होंने भाजपा पर तानाशाही और जांच एजेंसियों का दुरपयोग करने के आरोप लगा हैं। कहा कि इंडिया गठबंधन ने पूरी ताकत से चुनाव लड़ा तो भाजपा निश्चत रूप से सत्ता से बाहर हो जाएगी। क्योंकि देश-प्रदेश की जनता जातिवाद और धामिंर्क राजनीति से परेशान हो चुकी है। उन्होंने कहा कि भाजपा के शीर्ष नेता राजनीतिक सिद्धांतों से विमुख हो गए हैं। जनता को धामिंर्क, क्षेत्रवाद, जातिवाद और धामिंर्क विचारों में उलझा कर शासन करने का मकसद बना लिया। अब राम मंदिर की आड़ लेकर सत्ता हासिल करना चाहती है, क्योंकि विकस और रोजगार के नाम पर जनता को बताने के लिए कोई उपलिब्ध सरकार के पास नहीं। जम्मू कश्मीर का राज्यपाल रहते हुए उन्होंने सेना पर अटेक की के खतरे से अवगत कराया था, किंतु सरकार ने उनकी सलाह नहीं मानी। इसके बाद पुलवामा अटेक होने के बाद सरकार ने जांच कमेटी बनाई थी, जिसे पांच साल से अधिक समय बीत चुका, अभी तक रिपोर्ट नहीं आई। इस लचर जांच के पीछे भी सरकार की मंशा साफ नहीं। राम मंदिर निर्माण के संदर्भ में उन्होंने बताया कि सरकार ने हिंदुत्व को खतरा बताकर राम के नाम पर राजनीति करनी शुरू कर दी है।

**विपक्ष को डराने व दबाने को ईडी का कर रहे दुरुपयोग**

उन्होंने कहा कि स्वामीनाथ रिपोर्ट को लागू करने का वादा करके सत्ता में आई सरकार ने एमएसपी से मुंह मोड़ लिया। विपक्षी दल इस मुदद्दे को उछालें नहीं, इसके लए ईडी और सीबीआई का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। जस कारण विपक्ष डरा हुआ और चुप है। उन्होंने कहा कि झूठ की बुनियाद पर खड़ी सरकार जनता के संघर्ष का सामना नहीं कर पाएगी। विपक्षी दलों को एकजुट होकर एक के मुकाबले में एक उम्मीदवार मैदान में उतारना चाहिए।

---

# गोशाला से निकाली प्रभातफेरी

- मंकर संक्रांति पर विभिन्न संगठनों ने किया कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल



नारनौल। अनाथ गोशाला से प्रभातीफेरी निकालते प्रभातफेरी संगठन के श्रद्धालु।

मकर-संक्रांति के पावन अवसर पर प्रभातफेरी संगठन द्वारा निजामपुर रोड श्री अनाथ गोशाला रोड से 61वीं प्रभातफेरी का आयोजन किया गया। प्रभातफेरी के मुख्य यजमान श्री प्रभात फेरी संगठन परिवार द्वारा सर्वप्रथम ठाकुर जी की पूजा-अर्चना की गई। तत्पश्चात प्रभात फेरी का शुभारंभ किया गया। प्रभात फेरी संगठन के संयोजक राकेश गर्ग पटवारी के नेतृत्व में आयोजित की गई। प्रभात फेरी अनाथ गोशाला से शुरू होकर दयानगर होते हुए अनाथ गोशाला पर पहुंचकर संपन्न हुई। प्रभात फेरी के समापन पर समिति के वरिष्ठ कार्यकारी सदस्य नवीन जैन के नेतृत्व में गो माता को देसी घी, गुड़ और आटे से बनी हुई लापसी की सवामणि गोमाता को संगठन और उपस्थित सभी सदस्यों ने गोमाता को खिलाई। इस अवसर पर संगठन के वरिष्ठ सदस्य जोगेंद्र अग्रवाल ने बताया कि गो माता को गुड़, घी, आटा, तिल से बनी हुई चीज अर्पित करने से इंसान के सभी विकार दूर होते हैं और उसके जीवन में आई हुई बढ़ाएं गौ माता हर लेती है एवं उसकी जीवन में खुशहाली बनी रहती है। प्रभात फेरी के दौरान राधा रानी के जयकारों से माहोल भक्तिमय बना व अनेक स्थानों पर लोगों ने पुष्प वर्षा की।

### आज कंप्यूटर के बिना कोई काम संभव नहीं

**महेंद्रगढ़।** शहर के राजकीय महिला महाविद्यालय के नजदीक यादव लाइब्रेरी एवं कंप्यूटर सेंटर का उद्घाटन पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष कंवर सिंह यादव ने नवीन राव की अध्यक्षता में किया। उन्होंने कहा कि कंप्यूटर शिक्षा आज युवाओं के लिए बेहद आवश्यक हो गई है, आज बिना कंप्यूटर के कार्यालय का कोई भी कार्य संभव नहीं है। देश का युवा टेक्नोलॉजी की ओर बढ़ेगा तभी हम विकसित भारत की ओर बढ़ सकेंगे। लाइब्रेरी में भी गहन अध्ययन करके विद्यार्थी ऊंचाइयों को छू रहे हैं, जिससे जिले का नाम देश में रोशन हो रहा है। शिक्षा मानव जीवन का सार है, इसके बिन सुखद जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है। नवीन राव ने कहा आज कंप्यूटर शिक्षा मुख्य जरूरत बन गई है।

# कार्यालय से काम को मिलती गति

- नसीबपुर में सांस्कृतिक अहीरवाल के केंद्रीय कार्यालय का किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल



नारनौल। नसीबपुर में हवन-यज्ञ करते हुए। फोटो : हरिभूमि

सांस्कृतिक अहीरवाल के केंद्रीय कार्यालय का उद्घाटन कार्यक्रम नसीबपुर के सविता कॉम्पलेक्स में सम्पन्न हुआ। कार्यालय के उद्घाटन के लिए हवन का आयोजन स्वामी हंसानंद के ब्रह्मत्व में किया गया। पुरोहित राजेश शास्त्री रहे। यज्ञ के यजमान व संस्था के निदेशक सत्यव्रत शास्त्री ने उपस्थित लोगों का कार्यक्रम में शामिल होने पर आभार जताते हुए कहा सांस्कृतिक अहीरवाल संस्था देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पांच प्रण के आह्वान को आगे बढ़ा रहा है। अहीरवाल संस्कृति के पुरातन वैभव को वैश्विक स्तर पर पहुंचाने के लिए अहीरवाल के ऐतिहासिक इतिहास लेखन हेतु प्रयास का धन्यवाद किया। संस्था अहीरवाल में आज सबसे बड़ी सामाजिक संस्था है, जिसने कम समय में ही अपने लक्ष्य की ओर बड़ा कदम बढ़ाया है। आज अहीरवाल नाम को राष्ट्रीय स्तर पर मीडिया द्वारा मान्यता देना बड़ी उपलब्धि है। इस मौके पर ओमप्रकाश यादव, राजकुमार यादव, राजकुमार शर्मा पूर्व सरपंच निवाजनगर, मास्टर पुरुषोत्तम आर्य, भास्कर पटीकरा, डाक्टर रामनिवास यादव, प्रेम बाबूजी, छोटेलाल यादव चेयरमैन, सत्यपाल मौजूद रहे।

---

# ब्राह्मण सभा ने किया बुजुर्गों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल



नारनौल। बुजुर्ग महिला को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

मकर सक्रांति के पावन अवसर पर रविवार को क्षेत्रीय गौड़ ब्राह्मण सभा बाछौद द्वारा समाज के बुजुर्ग लोगों का सम्मान किया गया। इस अवसर सभा द्वारा 11 गांवों के 80 वर्ष और उससे अधिक आयु के बुजुगारें को घर जाकर कंबल व शाल ओढ़ाकर उनका सम्मान किया। नारनौल में भी सभा द्वारा देवदत्त शास्त्री व कृष्णा देवी को उनके घर जाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सभा के प्रधान रामचंद्र ने कहा कि बुजुर्ग लोग हमारे समाज की शान है और मकर सक्रांति पर सभा द्वारा उनके निवास पर जाकर उनका सम्मान कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर भगवान परशुराम के कलेंडर भी वितरित किए। इस मौके पर प्रमुख रूप से डा. मामचंद पूर्व प्रधान, वाईके शर्मा, सत्यनारायण शर्मा, भुवनेश शर्मा, सुनील जोशी, सत्यवीर सुराणी, मास्टर दर्शन शर्मा व उपप्रधान केदार शर्मा मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनाया मकर संक्रांति

- रविवार को क्षेत्र में अलग अलग स्थानों पर कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। चारा गोदाम का उद्घाटन करते मंत्री ओमप्रकाश यादव व प्रो. रामबिलास शर्मा।

क्षेत्र में रविवार को मकर संक्रांति का पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही श्रद्धालु पर्व मनाने की तैयारियों में जुटे रहे। लोगों ने सुबह के समय मंदिरों और घरों में पूजा अर्चना की। श्रद्धालुओं ने भगवान सूर्य देव से परिवार में सुख शांति और समृद्धि की कामना की गई। विधिवत पूजा अर्चना के बाद प्रसाद वितरित किया गया। रविवार को शहर में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने स्टाल लगाकर लोगों को गर्म-गर्म पकोड़े, छोले-चावल का प्रसाद वितरण कर धर्मलाभ कमाया। इसके अलावा मूंगफली व रेवड़ी बांटी गई। बता दें कि सूर्य के उत्तरायण होने पर प्रत्येक वर्ष की 14 जनवरी को पर्व हषारेल्लास के साथ मनाया जाता है। इस दिन दान का विशेष महत्व माना जाता है। ऐसे में लोगों ने तिल, गुड़, चावल और अन्न आदि का दान किया। इसके अलावा महिलाओं ने कपड़े व खाने पीने का सामान दान कर परंपरा को निभाया। पंडितों के मुताबिक इसी दिन सूर्य धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करता है और उत्तरायण हो जाता है। सूर्य के धनु से मकर राशि में जाने से खरमास भी समाप्त हो गया। अब से मंगल कार्य शरू होंगे। मकर संक्रांति के पावन पर्व पर बाबा खेतानाथ गोशाला खेड़की में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# मेहनत करने वाले बच्चे अवश्य सफल होंगे: ओपी

- राज्यमंत्री ने बड़कोदा में 21 प्रतिभावान बच्चे किए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

उपमंडल के गांव बड़कोदा में गांव के किसी भी क्षेत्र में प्रतिभावान बच्चे रहे उनके सम्मान में गांव पंचायत की तरफ से प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव रहे। राज्यमंत्री ने गांव के 21 लड़के-लड़कियों को उनके द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट स्थान पाने के लिए सम्मानित किया। साथ ही प्रत्येक बच्चे को 11 हजार रुपये का अनुदान देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि गांव पंचायत द्वारा यह एक बहुत अच्छी पहल है जिसमें गांव के होनहार लड़के लड़कियों को सम्मानित किया जा रहा है। जो अपनी पढ़ाई अपने-अपने क्षेत्र में कर रहे हैं उनमें भी इस बात की लालसा जागेगी कि एक दिन वह भी गांव में सम्मानित होंगे। उन्होंने कहा कि मेहनत कभी विफल नही जाती जो बच्चा पढ़ेगा, वह जरूर कामयाब होगा। भाजपा शासनकाल में योग्यता के आधार पर नौकरियां मिल रही है। पहले के शासनों में लोगों को अपने गहने गिरवी रखकर अपने बच्चों को नौकरी के लिए पैसे देने पड़ते थे। उन्होंने गांव के प्रतिभावान लड़के लड़कियों को वे मकर संक्रांति के पावन पर्व पर सम्मानित किया।

---

### विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा

**नांगल चौधरी।** विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा के तहत रविवार नगर पालिका कार्यालय नांगल चौधरी में कैंप का आयोजन किया गया। बीजेपी जिला अध्यक्ष दयाराम यादव ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। इस मौके पर उपस्थित नागरिकों को विकसित भारत की शपथ दिलाई। बीजेपी जिला अध्यक्ष दयाराम यादव ने कार्यक्त्रम में संबंधित करते हुए कहा कि सरकार ने विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा के जरिए सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ उनके घर द्वार पर ही दिया जा रहा है। अब गरीबों का हक कोई नहीं छीन सकता। उन्होंने कहा कि जो भी पात्र नागरिक सरकार की योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रहे लोगों योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित किया जाएगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

नांगल सिरोही के बीच से गुजर रहे मार्ग की हालात खस्ता, बाइपास निर्माण भी अधूरा

# अधूरे पड़े स्टेट हाइवे के निर्माण में रोड़ा बना वन विभाग

- महेंद्रगढ़ के साथ हमेशा होता आया है भेदभाव, किसी भी सरकार में महेंद्रगढ़ का नहीं हुआ विकास : बलवान फौजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। अधूरे सड़क निर्माण कार्य का जायजा लेते बलवान फौजी व अन्य।

पूर्व लोकसभा प्रत्याशी बलवान फौजी ने रविवार को गांव नांगल सिरोही में पहुंचकर नारनौल-दादरी स्टेट हाईवे-148-बी के धीमी गति से चल रहे निर्माण कार्यों की अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने प्रोजेक्ट मैनेजर हंसराज से स्टेट हाईवे निर्माण में देरी के कारणों को जाना। उन्होंने कहा कि अधूरे निर्माण कार्य के चलते लोगों को काफी परेशानी हो रही है। नांगल सिरोही के बीच से गुजरने वाला रोड क्षतिग्रस्त होने के कारण वाहन चालक नांगल सिरोही से कोथल रोड से होकर स्टेट हाईवे पर आते हैं। इस मार्ग का कुछ हिस्सा बनकर तैयार हो चुका है तथा करीब एक टुकड़ा 300 से 400 मीटर का जो की वन विभाग के हिस्से आता है, जिससे वाहन चालकों को काफी परेशानी हो रहीं हैं। प्रोजेक्ट मैनेजर ने बलवान फौजी को बताया कि वन विभाग की तरफ से पिछले एक साल से यह काम अटका हुआ है और उसके बाद वन विभाग के डिप्टी रेंजर चंद्र गुप्त से बलवान फौजी ने बात की तो उन्होंने बताया कि हमने काफी समय पहले मंत्रालय में भेज दिया था। बलवान फौजी ने कहा कि इस वजह से यह मामला अटका हुआ है तथा सब टालमटोल करने के रूप में है। सड़क का 300 से 400 मीटर का वन विभाग के टुकड़े की वजह से काम अटका हुआ है। इस वजह से पूरे बाईपास पर दखलअंदाजी दी हुई है। उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर वह सोमवार को वन विभाग के अधिकारी से उनके ऑफिस में जाकर के मुलाकात करेंगे। इसके बाद अगर अधिकारी नहीं मानते हैं तो एक बड़ी रूपरेखा के बारे में रणनीति बनाई जाएंगी।

**महेंद्रगढ़ के साथ होता रहा भेदभाव**

उन्होंने कहा कि महेंद्रगढ़ के साथ हमेशा भेदभाव होता आया हैं। किसी सरकार ने महेंद्रगढ़ में विकास कार्य नहीं कराएं। जिसके चलते महेंद्रगढ़ लगातार पिछड़ेपन का शिकार होता गया। उन्होंने कहा कि सरकार इस प्रोजेक्ट को गंभीरता से नहीं ले रही, जबकि जिले की जनता रोड की वजह से बेहद परेशान है। नारनौल-महेंद्रगढ़-चरखी दादरी रोड को अंतिम बार 2002-03 में तत्कालीन मुख्यमंत्री चौधरी ओमप्रकाश चौटाला ने बनवाया था। इसके बाद दस वर्ष कांग्रेस तथा साढ़े सात वर्षों से सूबे में भाजपा का राज है। अभी तक यह रोड बन नहीं पाई है। इस मौके पर डॉ. धर्मवीर यादव, लालाराम यादव, सूबेदार अजीत, सूबेदार अभय सिंह, प्रदीप, सतपाल यादव, सत्येंद्र, नवीन, सुभाष व महेंद्र आदि मौजूद रहे।